रजिस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 562] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 17, 2003/कार्तिक 26, 1925
No. 562] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 17, 2003/KARTIKA 26, 1925

महानिदेशक (रक्षोपाय) का कार्यालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर, 2003

विषय : भारत में बिसफिनोल ए (बीपीए) के आयात से संबंधित रक्षोपाय जांच—अंतिम निष्कर्ष।

सा.का.नि. 893(अ).—सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और उसकी सीमा शुल्क टैरिफ (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियमावली, 1997 के अधीन।

क. प्रक्रिया

भारत में बिसफिनोल ए (बी.पी.ए.) के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच शुरू करने का नोटिस 6-3-2003 को जारी किया गया था और भारत के राजपत्र असाधारण में 10.3.2003 को प्रकाशित किया गया था। अगोपनीय आवेदन की एक प्रति सहित नोटिस की एक प्रति और एक प्रश्नावली उसी दिन सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों, निर्यातकों और आयातकों को भेजी गई थी जिन्हें 21 अप्रैल, 2003 तक अपना उत्तर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था, अर्थातः-

घरेलू उत्पादक

केसर पेट्रोप्रोडक्टस लिमिटेड, मुंबई (के.पी.एल.)

आयातक और प्रयोक्ता उद्योग

(i) अतुल लि0, जि0 वलसाड, गुजरात ।
(ii) पेट्रो एरालडाइट प्रा0 लि0, चेन्नई ।
(iii) प्रगति कैमिकल्स लि0, बम्बई ।
(iv) रेसोनोवा केमी0 उन्नाव (उ0 प्र0) ।
(v) भारत जनरल टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज प्रा0 लि0 कलकत्ता ।
(vi) भारत रेसिन्स लिमिटेड, दमन ।
(vii) बम्बई पेन्टस लिमिटेड, मुंबई।
(viii) वीयोर पोलीमर्स प्रा0 लि0, बंगलौर ।
(ix) फिनलोक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड पुणे ।

(x) केमप्लास्ट सनमार लि0 चेन्नई ।

(xi) गुडलस नेरोलैक पेन्ट्स लिमिटेड, अहमदाबाद ।

(xii) गुडलस नेरोलैक पेन्ट्स लि0, कानपुर देहात।

(xiii) गुडलस नेरोलैक पेन्ट्स लि0 डिस्ट्रिक्ट रत्नगिरी, चिप्लुन ।

(xiv) रेसिन एंड प्लास्टिक्स, रायगढ़ ।

(xv) सिनेक्टेडी बेक इंडिया लिमिटेड, रत्नगिरी, महाराष्ट्र ।

(xvi) घर्डा केमिकल्स लि0, मुंबई ।

(xvii) श्रीकृष्ण पेपर मिल्स एंड इंडस्ट्रीज लि0, नई दिल्ली ।

निर्यातक

(i) टोमेन (शंघाई) कं0 लि0, शंघाई, चीन

(ii) हेम ए.जी. जर्मनी

(iii) अरिसटैक केमिकल्स कार्पोरेशन , यू.एस.ए.

(iv) डोव केमिकल कम्पनी, यू.एस.ए.

(v) डोव डयूसलैंड इंक जर्मनी

(vi) डोव केमिकल रीनवेर्क जी.एम.वी.एस, जर्मनी

(vii) बेयर ए.जी. जर्मनी

(viii) मित्सुई एंड कं0 लि0 सिंगापुर

(ix) नन्या प्लास्टिक्स कार्पोरेशन, ताइवान

(x) ताईवान प्रोसपेरिटी केमिकल कार्पोरेशन, ताईवान

(xi) कुम्हो शैल केमिकल कं0 लि0 कोरिया

(xii) मितसुबिशी कार्पोरेशन, जापान

2. आवेदन और प्रश्नावली के साथ नोटिस की एक प्रति निर्यातक देशों अर्थात् बेल्जियम,चीन जनवादी गणराज्य, फ्रांस, जर्मनी, जापान, कोरिया (ज.ग.), नीदरलैंड, सिंगापुर, स्पेन, स्लोवेनिया,ताइवान, यू.के., यू.एस.ए. की सरकारों को उनके नई दिल्ली स्थित उच्चायगों/दूतावासों के जरिए और यूरोपीय यूनियन/भारत में यूरोपीय आयोग के शिष्टमंडल को भी भेजी गई थी । इसके अतिरिक्त डेल्टाइंडस्ट्रियल रेसिन्स प्रा0 लि0 मुंबई के उन्हें हितबद्ध पक्षकार समझने के लिए उनसे प्राप्त अनुरोध पर उन्हें आवश्यक दस्तावेज भेजे गए थे और 9 मई,2003 तक अपना उत्तर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था ।

3. दिनांक 6.3.2003 के नोटिस और प्रश्नावली के उत्तर निम्नलिखित पक्षकारों से प्राप्त हुए थे:-

घरेलू उत्पादक

(i) केसर पेट्रोप्रोडक्ट्स लि0, मुंबई (के.पी.एल)

(ii) महाराष्ट्र पेट्रोकेमिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई

निर्यातक

(i) मित्सुई एंड कं0लि0, जापान
(ii) हेम ए.जी. जर्मनी ।
(iii) ताईवान प्रोसपेरिटी केमिकल कार्पोरेशन, ताईवान ।
(iv) बेयर पोलीमर्स, जर्मनी

आयातक और प्रयोक्ता उद्योग

(i) अतुल लिमिटेड गुजरात ।
(ii) पेट्रो अरालडाइट प्रा0 लि0 चेन्नई ।
(iii) प्रगति केमिकल्स लि0, मुबई
(iv) श्रीकृष्ण पेपर मिल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, दिल्ली

। (काउंसल के जरिए)

4. जांच के लिए आवश्यक समझी गई सूचना का सत्यापन घरेलू उत्पादक और कुछ आयातकों के विनिर्माण और व्यवसाय परिसरों में किया गया था । जांच का निष्कर्ष घरेलू उत्पादक को भेजा गया था और जांच रिपोर्ट की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी रखी गई थी।

5. सभी हितबद्ध पक्षकारों की सार्वजनिक सुनवाई 29.5.2003 को की गई थी जिसका नोटिस 5.5.2003 को भेजा गया था । सार्वजनिक सुनवाई के दौरान हितबद्ध पक्षकारों से उनके द्वारा दिए गए मौखिक तर्कों को 5 जून, 2003 तक लिखित में प्रस्तुत करने, दूसरों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों को 6 जून, 2003 को प्राप्त करने और खंडन, यदि कोई हो तो 13 जून, 2003 तक प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था ।

निम्नलिखित पक्षकार सार्वजनिक सुनवाई में उपस्थित हुए:

(i) केसर पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड, मुंबई (के.पी.एल) ।
(ii) मित्सुई एंड कं0 लि0 जापान ।
(iii) हेम ए.जी. जर्मनी ।
(iv) ताइवान प्रोस्परिटी केमिकल कार्पोरेशन, ताईवान ।
(v) बेयर (इंडिया) लि0
(vi) जर्मन एम्बेसी, नई दिल्ली ।
(vii) भारत, नई दिल्ली में यूरोपीय आयोग का शिष्टमंडल
(viii) रेसिनोवा केमी. लि. कानपुर

(त) अतुल लि0, गुजरात ।

(न) पेट्रो अरालडाइट प्रा0 लि0 चेन्नई ।

(। काउंसल के जरिए)

ख. घरेलू उद्योग के विचार:

उन्होंने मुख्यतः निम्न प्रकार बताया :

(i) महाराष्ट्र पेट्रोकेमिकल्स कार्पोरेशन लि0, मुंबई ने कहा है कि के.पी.एल. को महाराष्ट्र राज्य के केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े क्षेत्र में बी.पी.ए. का विनिर्माण करने के लिए उनके द्वारा 1990 में संवर्धित किया गया था । प्रारम्भ में परियोजना को 5000 टन प्रतिवर्ष के लिए स्थापित किया गया था जिसे बी.पी.ए. की बढ़ी हुई घरेलू मांग को पूरा करने के लिए बढ़ाकर 10000 टन प्रति वर्ष कर दिया गया था ।

(ii) केसर पट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड (के.पी.एल.) देश में बिसफिनोल ए (बी.पी.ए.) का एकमात्र उत्पादक है । अतुल लि0 वलसाड 1991-92 में बी.पी.ए. का बैच प्रक्रिया द्वारा विनिर्माण कर रहा था परन्तु 1993-94 से विनिर्माण बंद कर दिया गया था । बी.पी.ए.का केवल एक ग्रेड है जिसका विनिर्माण और प्रयोग इसी रूप में अथवा इपाक्सी रेसिन्स/अन्य मध्यवर्ती उत्पादों के रूप में विभिन्न अन्तिम प्रयोग खंडों में किया जाता है ।

(iii) बी.पी.ए. एक सतत प्रक्रिया में विनिर्मित किया जाता है । कच्ची सामग्रियां अर्थात् एसीटोन और फिनोल की एक रिएक्टर में प्रतिक्रिया कराई जाती है । तदपरान्त प्रतिक्रिया के बाद का मिश्रण कूलर और क्रिस्टलाइजेशन अनुभाग में स्थानान्तरित किया जाता है । क्रिस्टल बनने के बाद की सामग्री को अपकेन्द्रित किया जाता है जहां बी.पी.ए. अडक्ट को मूल द्रव से अलग किया जाता है । पिघले हुए शुद्ध पी.पी.ए. अडक्ट को वाष्पक में गरम किया जाता है और पिघला हुआ शुद्ध बी.पी.ए. रिसीवर में चला जाता है और फिनिशिंग के लिए फलेकर में स्थानांतरित किया जाता है । पूरी प्रक्रिया निरन्तर होती है जिसे माइक्रोस्कोपर बेसड प्रोग्राम्ड लोजिक कंट्रोल (पीएलसी) और डिस्ट्रीब्यूटिड कंट्रोल सिस्टम (डी.सी.एस)द्वारा नियंत्रित किया जाता है और निगरानी रखी जाती है । उनके द्वारा विनिर्मित बी.पी.ए. पपड़ी के रूप में होता है और अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है ।

(iv) बी.पी.ए. का आयात मुख्यतः बेल्जियम, ताइवान, चीन जनवादी गणराज्य, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, जापान, कोरिया, नीदरलैंड,सिंगापुर, स्लोवेनिया, यू.के. और यू.एस.ए. से किया जाता है ।

(v) बी.पी.ए. के आयात 1997-98 से धीरे-धीरे और लगातार बढ़े हैं । उसी दौरान एपाक्सी रेजिन्स के विनिर्माण के लिए एक मुख्य कच्ची सामग्री बी.पी.ए. की घरेलू बिक्रियां बहुत ही कम बढ़ी हैं तथा न्यूनाधिक रूप से स्थिर रही हैं । 10,000 एम.टी.ए. की स्थापित क्षमता वाला के.पी.एल. आयातित एपाक्सी रेजिन्स की मांग सहित पूरी घरेलू मांग को पूरा करने की स्थिति में है ।

(vi) उन्होंने बढ़ते हुए एपाक्सी रेजिन्स उद्योग को आयात प्रतिस्थापक सुलभ कराने के लिए वर्ष 1992 में बी.पी.ए. का विनिर्माण शुरू किया था जब सीमा शुल्क की दर 110% प्रतिशत थी । तब से सरकारी आर्थिक उदारीकरण की नीति के अनुसार आयात शुल्क में धीरे-धीरे कमी होती रही थी । आयात शुल्क की इस कमी का सामना कंपनी द्वारा किया गया और कंपनी ने न केवल 5000 बी.पी.ए. की अपनी स्थापित क्षमता का पूरा उपयोग किया परन्तु वर्ष 1999-2000 में बढ़ाकर 6000 बी.पी.ए. भी कर दिया था और बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए वर्ष 2001-02 में पुनः बढ़ाकर 10ए000 टी.पी.ए. कर दिया था ।

(vii) वर्ष 2001-02 और वर्तमान वित्तीय वर्ष में बी.पी.ए. के आयातों में अचानक वृद्धि से कंपनी को गंभीर क्षति हुई थी । कच्ची सामग्रियां अर्थात् एसिटोन और फिनोल जिसका भारत में आयात किया गया था, पर रक्षोपाय शुल्क लगाने की असंभावित घटनाओं जिसके परिणामस्वरूप फिनोल और एसिटोन के घरेलू उत्पादकों ने अपनी कीमतों को बढ़ाया जिसके फलस्वरूप के पी एल, के बी पी ए के उत्पादन के लागत में वृद्धि हुई । विदेशी विनिर्माताओं द्वारा एशिया में 6 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष की बी पी ए की अतिरिक्त क्षमता स्थापित की गई जिसका के पी एल पर घरेलू बाजार और उनके निर्यातों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों की बी पी ए की मांग बाहरी स्रोतों के कारण यूरोपीय, यू.एस. बाजार में पर्याप्त गिर गई जिसके फलस्वरूप बी.पी.ए. का भारत में आगमन हुआ ।

(viii) बी.पी.ए. पर आयात शुल्क में बहुत कमी की गई है । शुल्क जो 1992-93 में 110% था, वह 2000-01 में गिरकर 35% और 16% एसएडी 4% रह गया जिसमें 2001-02 में 10% की पुनः कमी की गई और चालू वर्ष में दोबारा 5% की कमी की गई जो डब्ल्यूटीओ द्वारा निर्धारित पिछले दो वर्षों के दौरान 40% से कम है जिसके फलस्वरूप बी पी ए के आयातों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी हुई ।

(ix) भारत में बी पी ए के निर्यातकों के पास बड़े आकार के संयंत्र हैं जिनका पूर्णतः मूल्यह्रास हो चुका है और अपने फालतू उत्पादन का निपटान करने तथा समग्र मात्रात्मक आर्थिक स्थिति प्राप्त करने के लिए निर्यातों हेतु मामूली कीमत निर्धारण नीति का अनुसरण करते हैं । ऐसी नीति के पीछे उनका डिजाइन भारत में एकमात्र विनिर्मात के प्रचालनों को पूर्णतः अकार्यक्षम बनाना है जिससे वह बंद हो सकता है ।

(x) सीमांत लागत पर भारत में बी पी ए निर्यात करने की नीति और आयात शुल्क में लगातार कमी के कारण के पीएल को आयात कीमतों के साथ समानता करने के लिए बाध्य होना पड़ा है जिनमें चालू वर्ष के दौरान बहुत अधिक कमी आई है । कम कीमतों के अलावा निर्यातक 90 से 180 दिन के बीच तक की लम्बी ऋण अवधि की अनुमति देते हैं जिसके कारण उन्हें भी समान सुविधाएं देने के लिए बाध्य होना पड़ता है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है।

(xi) बी पी ए के विनिर्माण के लिए कच्ची सामग्री अर्थात् एसिटोन और फिनोल की कीमतें भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय कीमतें अधिक हैं । बीपीए की कीमत कम होती रही हैं जबकि इसकी कच्ची सामग्रियों की कीमतें बढ़ती रही हैं ।

(xii) कम क्षमता उपयोग और अकार्यक्षम वित्तीय प्रचालनों के कारण अनेक कुशल कर्मचारियों ने उनकी कंपनी को छोड़ दिया है । अत्यधिक मात्रा में आयातों के कारण उनका कार्य निष्पादन असंतोषजनक रहा है । कंपनी को अपनी बिक्री कीमत को अपना बाजार का हिस्सा बनाए रखने के लिए, उत्पादन की लागत से कम रखना पड़ा था । अपनी बिक्री कीमत कम करने के बावजूद उनका बाजार हिस्सा जो 1997-98 में 70.3% था, अत्यधिक कम होकर 2001-02 में 50.2% हो गया और 2002-03 (दिसंबर) के दौरान पुनः कम होकर 35% रहा गया ।

(xiii) आयातों में 1997-98 में 898 मीट्रिक टन से वृद्धि होकर 2000-01 में 2055 मीट्रिक टन और 2001-02 में 4339 मीट्रिक टन हो गए जो कि चार वर्ष की अवधि में 383% वृद्धि है । आयातों में 2001-02 के साथ-साथ 2000-01 तक 111% वृद्धि हुई । वर्ष 2002-03 (अप्रैल 02-जून02) में आयात 2416 मीट्रिक टन थे अर्थात् अनुपातिक रूप से पिछले वर्ष की तुला में 123% अधिक थे । वार्षिक आधार पर आयातों का परिकलन 9664 मीट्रिक टन होगा जो पहले के रूख से बहुत अधिक है । आयातित बी पी ए की सी आई एफ कीमत भी 49154 रूपये/मीट्रिक टन से कम होकर 36016 रूपये/मीट्रिक टन हो गई है अर्थात् लगभग 27% की कमी जिससे उनकी घरेलू बिक्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

(xiv) वर्ष 2001-02 में बी पी ए की कुल घरेलू खपत 8709 मीट्रिक टन थी जबकि 1997-98 में इसकी मात्रा 3023 मीट्रिक टन थी अर्थात् इसमें चार वर्षों के दौरान 188% वृद्धि हुई । तथापि घरेलू बाजार में उनका हिस्सा 1997-98 के बाद प्रत्येक वर्ष में कम हुआ। चालू वर्ष के दौरान घरेलू बाजार में उनकी बिक्री अप्रैल 02 में 453 मीट्रिक टन से कम होकर अक्तूबर-दिसम्बर 02 की तिमाही में औसतन 253 मीट्रिक टन रह गई ।

(xv) विश्व के अन्य भागों की तुलना में भारत में ब्याज की लागत अधिक है । नकद ऋण सुविधा पर ब्याज जो उन्हें देना होता है, 15% है जबकि 90 से 80 दिन का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में ऋण बिना किसी ब्याज के अथवा बहुत कम दर पर दिया जाता है । इसी प्रकार भारत में विद्युत शक्ति की लागत विकसित देशों की तुलना में अधिक है । कच्ची सामग्री के आयातों पर अधिक शुल्क के अतिरिक्त एसिटोन की खतरनाक प्रकृति और फिनोल को हैंडल करने में कठिनाई से इन कच्ची सामग्रियों के आयात बहुत खर्चीले बन जाते हैं जबकि बिसफिनोल ए का तैयार उत्पाद जिस पर कम शुल्क है, का आयात उपभोक्ताओं द्वारा बड़ी मात्रा में किया जा रहा है ।

(xvi) रक्षोपाय शुल्क लगाना लोकहित में होगा और विकसित देशों से बढ़े हुए आयातों के कारण प्रतिस्पर्धा करने के लिए सकारात्मक समायोजन करने हेतु घरेलू उद्योग को समय प्रदान करने के लिए आवश्यक रूप से अनुरोध किया जाता है । रक्षोपाय शुल्क लगाने से न केवल के पी एल पर प्रतिकूल प्रभाव न्यूनतम हो जाएगा परन्तु इससे उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकताओं को प्रतियोगी कीमतों पर प्राप्त करने के लिए विस्तृत विकल्प भी प्राप्त होगा । उन्होंने बहुत बड़े सार्वजनिक निवेश से देश में एकमात्र बी पी ए यूनिट स्थापित की है जिससे अनेक लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है और इस प्रकार राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान किया जा रहा है ।

के पी एल का सहप्रोन्नायक महाराष्ट्र सरकार का महाराष्ट्र पेट्रोकेमिकल्स कार्पोरेशन लि0 है जिसने पिछड़े क्षेत्र के विकास और रोजगार उत्पन्न करने के अनुक्रम में डाउन स्ट्रीम रसायन उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए निवेश किया है। के.पी.एल. डाउनस्ट्रीम उद्योग विशेषतः अल्प मात्रा में एपाक्सी रेसिन्स बनाने वाली इकाईयों के प्रति बहुत अधिक वचनबद्ध है। के.पी.एल. ऐसे ग्राहकों की आवश्यकताएं पूरी कर रहा है जिनको अपनी इकाईयां चालू रखने के लिए एक बार में आधे मी. टन. से भी कम बी.पी.ए. की आवश्यकता होती है क्योंकि यह ग्राहक स्पष्ट रूप से बी.पी.ए. का आयात करने की स्थिति में नहीं हैं। रक्षोपाय शुल्क लगाने से वे चालू रह सकेंगे और बढ़े हुए आयातों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे तथा यह बिसफिनोल ए के प्रयोक्ताओं के दीर्घकालिक हित में होगा।

ग. **निर्यातकों/आयातकों/प्रयोक्ता उद्योगों के विचार**

(i) घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन पूरा नहीं है और इसमें कई नाजुक पहलू नहीं हैं। घरेलू उद्योग ने पुनर्सरचना के अपने आशय के बारे में केवल अस्थायी विवरण दिए हैं परन्तु अपने दावों के लिए कोई आधार प्रस्तुत नहीं किया है।

(ii) आवेदन में वैध आवेदन की मूल पूर्वअर्हताएं पूरी नहीं की गई हैं। कानून की यह सुस्थापित स्थिति है कि किसी रक्षोपाय मामले की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा यह अवश्य प्रदर्शित किया जाना चाहिए कि आयातों की वृद्धि से कोई असंभावित परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं।

(iii) इस समय बी.पी.ए. पर 25% आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क) और 4% एस.ए.डी. लगा हुआ है। इसलिए लागू संरक्षण बहुत अधिक है जो ऐसे स्तर पर है जो विश्व में कहीं भी नहीं है। 1992 में भी जब के.पी.एल. ने बी.पी.ए. का विनिर्माण शुरू किया था, यह पहले से ही मालूम था कि आगामी वर्षों में आयात शुल्क में कमी की जा रही है। इसको ध्यान में रखते हुए यह गलत व्यावसायिक निर्णय था कि संयत्र में निवेश किया जाए। अब के.पी.एल. चाहता है कि बी.पी.ए. के घरेलू प्रयोक्ता रक्षोपाय शुल्क के लिए याचिका करके उनके गलत निर्णय के कारण हानि उठाएं। यह एक अनुचित मांग है और इसे अस्वीकार करने की जरूरत है। यह उल्लेख किया जा सकता है कि शुरूआत से अधिकांश अवधि में भी याचिकाकर्ता को पाटनरोधी शुल्क का लाभ प्राप्त होता रहा है

(iv) गंभीर क्षति का मामला बनाने के लिए आवेदक ने 6 अंकीय एच.एस. कोड सं0 290723 के आयात आंकड़ों पर विश्वास किया है। इस उपशीर्ष का विवरण 4,4-आइसो प्रोपाइलीनडायोफिनोल (बिस फिनोल ए, डाइफिनाइलोलप्रोपेन) और इसके लवण हैं। तथापि, के.पी.एल. द्वारा विनिर्मित उत्पाद बी.पी.ए. हैं। दोनों के एक साथ अध्ययन से मालूम होगा कि उप-शीर्ष 290723 का विस्तार अधिक व्यापक है (इसमें बी.पी.ए. के अलावा कुछ अन्य वस्तुएं शामिल हैं) जो वर्तमान मामले में जांचाधीन उत्पाद से अधिक विस्तृत हैं। उत्पाद की व्यापक श्रेणी के आयात आंकड़े प्रस्तुत करके के.पी.एल. गुमराह करने और क्षति का मामला तैयार करने की कोशिश कर रहा है जबकि वस्तुतः ऐसा कोई मामला विद्यमान नहीं है। सार्थक निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए बी.पी.ए. के आयात

आंकड़ों के आधार पर निर्णय होना चाहिए जिन्हें के.पी.एल. ने जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किया है विशेषतः जब किसी रक्षोपाय जांच का आधार आयातों का रूख हो । यदि आधार ही अशुद्ध आंकड़ों की तुच्छ अवधारणाओं पर आधारित होगा तो जांच की प्रक्रिया अस्वीकार्य बन जाती है।

(v) बी.पी.ए. के विनिर्माण के लिए के.पी.एल. का संयंत्र पिछड़े रूप से एसीटोन और फिनोल में एकीकृत नहीं है जैसाकि विश्व के अधिकांश संयंत्रो में हैं । कच्ची सामग्री की उनकी विशिष्ट खपत भी घटिया प्रौद्योगिकी के कारण अधिक है । छोटे आकार, पुरानी प्रौद्योगिकी, घटिया गुणवत्ता और बैकवार्ड एकीकरण की कमी के.पी.एल. की समस्याओं का कारण है न कि आयात ।

(vi) के.पी.एल. द्वारा विनिर्मित बिसफिनोल-ए से उत्पादित एपाक्सियां आयातित बिसफिनोल ए (आयातित बी.पी.ए. के 10 ए.पी.एच.ए. से कम) से उत्पादित एपाक्सियों की तुलना में रंग में (औसतन 30-40 ए.पी.एच.ए.) घटिया है । अधिकाधिक ग्राहक वंशानुगत गुणवत्ता लाभों के कारण उच्च गुणवत्ता के आयातित बी.पी.ए. पर आधारित एपाक्सियों की मांग कर रहे हैं । इस प्रकार एपाक्सियों के स्थानीय उत्पादकों के पास पर्याप्त रूप से लम्बे समय और आयात में प्रक्रियात्मक मामलों के बावजूद बी.पी.ए. के आयात के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं है । गुणवत्ता के अतिरिक्त के.पी.एल. द्वारा पपड़ी के रूप में विनिर्मित बी.पी.ए. का सम्भलाई का सुरक्षा खतरा है जिसके कारण धूल से विस्फोट होते हैं । इसे ध्यान में रखते हुए प्रयोक्ता उद्योग आयात को तरजीह देते हैं जब कभी उत्पाद की उत्तम गुणवत्ता पूरी करनी होती है । घटिया गुणवत्ता का यथातथ्य इस तथ्य के साथ भी सहयोजित है कि याचिकाकर्त्ता ने स्वयं अपने उत्पादों का उन कीमतों पर निर्यात किया है जो अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों से बहुत कम हैं । यह भी नोट किया जाए कि याचिकाकर्त्ता द्वारा बी.पी.ए. के निर्यातों की रूपए में वसूली भारतीय बाजार में उनके द्वारा की जाने वाली वसूली से कम है । यदि वे वास्तव में स्थानीय गुणवत्ता की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते तो ऐसे निर्यातों के लिए कोई आवश्यकता नहीं होती।

(vii) के.पी.एल ने बिसफिनोल ए (बी.पी.ए.) का विनिर्माण 1992 में शुरू किया था और जुलाई 1992 में जापान से बी.पी.ए. के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए अनुरोध किया था, 1994 में ब्राजील और रूस से आयातों के विरोध पाटनरोधी शुल्क की मांग की थी और 1997 में यू.एस.ए. से बी.पी.ए. के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की मांग की थी । वर्ष 2000 में उन्होंने यूरोपीय यूनियन और ताइवान के विरूद्ध पाटनरोधी शुल्कों के लिए पुनः निर्दिष्ट प्राधिकारी को निवेदन किया था । विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को कोई कारणात्मक संबंध मालूम नहीं हुआ था इसलिए किन्हीं अंतिम पाटनरोधी शुल्कों की सिफारिश नहीं की गई थी । इसकी पृष्ठभूमि यह है कि अब वे बी.पी.ए. पर रक्षोपाय शुल्क लगाने के लिए रक्षोपाय प्राधिकारी से सिफारिश कर रहे हैं । रक्षोपाय का अनुरोध अनुचित है क्योंकि याचिकाकर्त्ता ने विगत में यह दर्शाया है कि हम अनुचित संरक्षण के बगैर ही प्रचालन जारी रखना चाहते हैं और उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय रूप से कार्यक्षम बनने के लिए कोई उपाय नहीं किए हैं ।

(viii) के.पी.एल. के पास उपभोक्ताओं के लिए स्टॉक सृजन की कोई समस्याएं नहीं हैं । रक्षोपाय शुल्क के साथ भी के.पी.एल. अपनी उत्पादन लागत पूरा करने में सक्षम नहीं

होगा । रक्षोपाय शुल्क लगाने पर भी अपाक्सि उपभोक्ताओं के पास एपाक्सी रेजिन्स को आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा जिसक फलस्वरूप एपाक्सी रेजिन्स की विनिर्माण इकाईयां बंद हो जाएंगी । बी.पी.ए. और एपाक्सी रेजिन्स विश्व स्तर पर व्यापार के उत्पाद हैं और उनकी मांग बढ़ने की उम्मीद है । घरेलू उत्पादकों का बचाव करने के किसी उपाय से प्रतिस्पर्धा में कमी आएगी और यह अन्ततः उत्पादनरोधी होगा ।

(ix) श्री कृष्णा पेपर मिल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0 दिल्ली ने बताया है कि उनके द्वारा आयातित बी.पी.ए. के.पी.एल. द्वारा विनिर्मित बी.पी.ए. की तुलना में गुणवत्ता में पूरी तरह से अलग है और घरेलू बी.पी.ए. से उनकी आवश्यकताएं पूरी नहीं होती हैं ।

घ. निष्कर्ष

1.(क) मामेले के रिकार्ड और घरेलू उत्पादकों के द्वारा और उनकी ओर से प्रयोक्ताओं/आयातकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों की सावधानीपूर्वक जांच की गई है। विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक सीमा तक निम्नलिखित निष्कर्षों में उचित स्थानों पर कार्यवाही की गई है । तथापि मामले के गुण-दोषों पर चर्चा करने से पहले सीमा शुल्क टैरिफ (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियमावली 1997 (एसजीडी नियम) के साथ पठित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 की धारा 8 बी के अन्तर्गत कार्यवाहियां करने से संबंधित कुछ पक्षकारों द्वारा उठाए गए अत्यधिक जोरदार प्रारम्भिक मुद्दों पर कार्यवाही करना आवश्यक समझा गया है ।

(ख) निर्यातक/आयातक/प्रयोक्ता उद्योग के लिए विद्वान काउंसल ने एस जी डी नियमों के साथ पठित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 की धारा 8 ख के अन्तर्गत लागू उन शर्तों पर पूरी तरह तर्क वितर्क किया है और यह तर्क दिया है कि जांच उक्त धारा 8 ख और नियमों में निर्धारित सिद्धांतों के प्रतिकूल है । अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया गया था कि महानिदेशक(रक्षोपाय) को घरेलू उद्योग द्वारा दिया गया आवेदन आयातों में वृद्धि, घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति और आयात प्रतिस्पर्धा के सकारात्मक आयोजन के लिए घरेलू उद्योग को गंभीरक्षति वृद्धित आयातों के साथ और इन दोनों के बीच कारणात्मक संबंध के अलावा आयात प्रतिस्पर्धा का सकारात्मक समायोजन करने के लिए किए गए प्रयासों अथवा नियोजित प्रयासों द्वारा समर्थित होना चाहिए । इसके अतिरिक्त एस जी डी नियमों का नियम 5(2) आवेदन करने वाले व्यक्ति के ऊपर यह दायित्व निर्धारित करता है कि नियम 5 (2) के खण्ड 8(क)(ख) में उल्लिखित घटकों के बारे में साक्ष्य प्रस्तुत किया जाए । प्राधिकारी पर जांच शुरू करने से पहले पर्याप्तता, शुद्धि और साक्ष्य के औचित्य की जांच करना अनिवार्य था ।

(ग) एसजीडी नियमावली के नियम 5 में महानिदेशक के लिए आवेदन में प्रस्तुत साक्ष्य की शुद्धि और पर्याप्तता की जांच करना अपेक्षित है । जांच को विनियमित करने वाले सिद्धांत उक्त नियमावली के नियम 6 में दिए गए हैं । दिनांक 6 मार्च, 2003 को जांच प्रारम्भ नोटिस जारी करके जो प्रस्ताव किया गया है, वह यह है कि ऐसी जांच पड़ताल

करने के लिए जांच की प्रक्रिया शुरू करना है न कि किसी रक्षोपाय को लागू करना या बढ़ाना है । मूल शर्तें जो राय कायम करने के लिए विद्यमान होनी चाहिएं, महानिदेशक के पास उपलब्ध थीं । प्रथमदृष्ट्या जांचके लिए शर्तों को पूर्वोदाहरण की पूर्ति का दायित्व पूरा हुआ पाया गया था । जांच प्रारंभ करने के नोटिस को अनुमानों और अटकलों पर आधारित नहीं होना चाहिए । जांच प्रारंभ करने का नोटिस काफी विस्तृत था और महानिदेशक द्वारा जो भी सूचना आवश्यक समझी गई थी, उसे शामिल किया गया था । सभी संबंधित पक्षकारों के पास सार्वजनिक सुनवाई ओर अन्य पारस्परिक कार्यकलापों में महानिदेशक के साथ सभी मामले उठाने का प्रत्येक अवसर था । यह सुनिश्चित किया गया है कि इस जांच में कैवल ऐसी सूचना पर विश्वास किया गया है जिससे छानबीन का परीक्षण पूरा होता है ।

(घ) इस संबंध में यह देखा गया है कि वर्तमान रक्षोपाय जांच घरेलू रक्षोपाय कानून के अनुसार शुरू की गई है जिसमें विषय के डब्ल्यू टी ओ के प्रावधानों को दर्शाया गया है । टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार के अनुच्छेद न्न में विशेष उत्पादों के आयातों के संबंध में आपातकालीन कार्रवाई की व्यवस्था की गई है और रक्षोपाय करार (ए ओ एस) में गैट 1994 और विशेषतः जो इसके अनुच्छेद न्न में दिए गए हैं, के सिद्धांतों को स्पष्ट और पुनः प्रवर्तित किया गया है । ए0 ओ0 एस के अनुच्छेद 2 में रक्षोपाय लागू करने के लिए आवश्यक शतें दी गई हैं और यह निर्धारण किया गया है कि आयातों में वृद्धि घरेलू उत्पादन की तुलना में पूर्ण रूपेण अथवा सापेक्ष रूप से हुई है, समान अथवा प्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धी उत्पादों का उत्पादन करने वाले घरेलू उत्पादकों के लिए गंभीर क्षति उत्पन्न करता है अथवा उत्पन्न करने का खतरा है तो रक्षोपाय लागू किए जा सकते हैं । चूंकि वर्तमान मामले में जांच भारतीय रक्षोपाय कानून जिसमें डब्ल्यू टी ओ के संबंधित प्रावधानों का प्रदर्शन कि गया है, के प्रावधानों के अनुसार शुरू की गई है,इसलिए यह आवश्यक समझा गया है कि इससे संबंधित अपेक्षाएं पूर्णरूपेण पूरी हो गई हैं और जांच प्रारम्भ करने का नोटिस सही तौर पर जारी किया गया है ।

2. जांचाधीन उत्पाद

(क) जांचाधीन उत्पाद बी.पी.ए. है जो सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय शीर्ष 29072300 के अन्तर्गत वर्गीकृत रासायनिक सूत्र C15 H16 O2 वाला एक मूल कार्बनिक रसायन है । तथापि यह वर्गीकरण सुविधा के लिए है और इससे किसी भी प्रकार जांच के अधीन उत्पाद की व्याप्ति का कार्यक्षेत्र प्रतिबंधित नहीं होता है।

(ख) घरेलू तौर पर उत्पादित बी.पी.ए. गुणवत्ता और भौतिक विशिष्टताओं के आधार पर आयातित बी.पी.ए के असमान वस्तु होने के कारण विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा एक मुद्दा उठया गया है । यह कहा गया है कि घरेलू उद्योग 15 ए.वी.एच.ए.(अमरीकन पब्लिक हैल्थ एसोसिएशन) से कम रंगदार बी.पी.ए. का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है और ऐसे अपरूपों को शामिल करने का कोई कारण नहीं है जिनका उत्पादन के.पी.एल.

द्वारा नहीं किया जाता । इस संबंध में ओक्सो अल्कोहल के मामले में सीगेट के निर्णय पर विश्वास किया गया है जिसमें यह माना गया था कि घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद आयातित उत्पाद के साथ तुलनीय न होने पर उससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई नहीं समझी जा सकती । यह निवेदन किया गया था कि आयातित बी पी ए प्रिल्स के रूप में था जबकि के पी एल द्वारा उत्पादित बी पी ए फ्लेक्स में था। के पी एल द्वारा उत्पादित बी पी ए को आयातित बी पी ए के समान वस्तु नहीं समझा जा सकता। वीडियोकोन नर्मदा ग्लास बनाम वित्त मंत्रालय के मामले में सीगेट के निर्णय पर भी विश्वास किया गया था ।

(ग) माननीय सीगेट के दोनों निर्णयों पर सावधानीपूर्वक विचार किया गया था । ओक्सो अल्कोहल के मामले में जो मुद्दा सीगेट के समक्ष विचारार्थ उठाया गया था वह यह था कि क्या सामान्य हेक्सानोल को घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित पदार्थ के समान वस्तु समझा जा सकता था जिसकी जांच पाटन के विरूद्ध विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की गई थी । सीगेट ने यह माना था कि विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा कोई यह अंतिम निष्कर्ष न लिए जाने पर कि इसकी विशेषताएं घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद के साथ पूर्णतः मेल खाती है और सामान्य हेक्सानोल तथा अन्य ओक्सो अल्कोहल परस्पर परिवर्तनीय हैं, इसे समान वस्तु नहीं समझा जा सकता (जोर दिया गया) । वीडियोकोन नर्मदा के मामले में सीगेट ने पाटनरोधी शुल्क लगाने वाली अधिसूचना को निरस्त किया था जो अन्य बातों के साथ-साथ इस आधार पर की गई थी कि ग्रेन्यूलर रूप में आयातित स्ट्रोंटियम कार्बोनेट की घरेलू उत्पादक द्वारा विनिर्मित पाउडर रूप में स्ट्रांटियम कार्बोनेट की कोई वाणिज्यिक प्रतिस्पर्धा नहीं है और घरेलू उत्पादक द्वारा यह स्वीकार करना कि पाटनरोधी शुल्क हटाने से उन पर प्रभव नहीं पड़ेगा । सीगेट ने ऐसा कोई निष्कर्ष नहीं दिया कि क्या ग्रेन्यूलर और पाउडर रूपों में स्ट्रोंटियम कार्बोनेट को समान वस्तु अथवा अन्य प्रकार का समझा जाए (जोर दिया गया) ।

(घ) सीगेट की टिप्पणियां वर्तमान मामले के तथ्यों से संबंधित नहीं है । कोई स्वीकार्य तर्कपूर्ण साक्ष्य भी विरोधी पक्षकारों द्वारा नहीं दिया गया है जिससे यह मालूम हो कि आयातित बी पी ए घरेलू रूप से उत्पादित बी पी ए का तकनीकी अथवा वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापन नहीं करता है । केवल आग्रहपूर्वक यह कहा गया था कि आयातक प्रिल रूप में बी पी ए को वरीयता देते हैं और इस बात को वरीयता नहीं देते हैं कि बी पी ए प्रिल रूप में हो या पाउडर रूप में । यह देखा गया है कि घरेलू बी पी ए और आयातित बी पी ए का एक समान रासायनिक सूत्र है और एक जैसी ही अंतिम प्रयोग विशिष्टताएं हैं और वे क्षति के निर्धारण के प्रयोजनाथ एस जी डी नियमावली के अर्थ के अतर्गत समान वस्तु हैं । आयातित और घरेलू बी पी ए दोनों समान अनुप्रयोगों अर्थात् मुख्यतः रेजिन्स के निर्माण में एक ही बाजार में एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं । वस्तुतः आयातित और घरेलू तौर पर उत्पादित दोनों बी पी ए एक ही संयंत्र और मशीन में ऐसे तैयार माल के विनिर्माण के लिए एक ही परिसर में प्रयोग किए जाते हैं । केवल गुणवत्ता

में उत्कृष्टता अथवा भौतिक रूप से उत्पाद समान अथवा प्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धी वस्तु के कार्यक्षेत्र से स्वतः बाहर नहीं हो जाता ।

3. घरेलू उद्योग

बी पी ए पर रक्षोपाय शुल्क लगाने के लिए केसर पेट्रोप्रोडक्ट्स लि0 (के पी एल) द्वारा आवेदन दिया गया है । भारत में बी पी ए का विनिर्माण केवल के पी एल द्वारा किया जाता है और वे सम्पूर्ण घरेलू उत्पादन के लिए उत्तरदायी हैं । इसलिए आवेदन बी पी ए का उत्पादन करने वाले घरेलू उद्योग द्वारा किया गया समझा गया है ।

4. वर्धित आयात:

(क) भारत में बी पी ए का आयात मुख्यतः ताईवान, नीदरलैंड, सिंगापुर, जापान, यू.एस.ए., स्लोवेनिया, नाइजीरिया, यू.के., जर्मनी, बेल्जियम और स्पेन से किया जाता है । बी पी ए पर आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क ३ अधिभार यदि कोई हो) जो 1994-95 में 65% यथामूल्य था, को कम करके 1995-96 में 50%, 1996-97 में 42% और 1997-98 में 35% कर दिया गया था । शुल्क को 1999-2000 में बढ़ाकर 38.5% और 2001-02 में कम करके 35% तथा 2002-03 में पुनः कम करके 30% कर दिया गया था ।

(ख) कुछ विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आयात आंकड़ों विशेषतः 2002-03 (दिसम्बर तक) की अवधि में किए गए बी पी ए के आयातों के संबंध में प्रमाणिकता के बारे में सन्देह व्यक्त किए गए हैं । यह बताया गया है कि के पी एल ने आयातों की मात्रा को बढ़ाने के लिए बी पी ए के लवणों के आयातों को गलत ढंग से समेकित किया है और बी पी ए के कवल ऐसे आयात जो आवेदक द्वारा विनिर्मित वस्तु के समान स्पष्ट रूप से सिद्ध हुए हैं, पर विचार किया जाना चाहिए । यह कहा गया था कि गंभीर क्षति का मामला बनाने लिए के पी एल ने छह अंकीय एच एस कोड संख्या 290723 के आयात आंकड़ों पर विश्वास किया है । इस उपशीर्ष का विवरण 4,4-आइसोप्रोपाइलीडिनिडीफिनोल (डिसफिनोल ए, डाइफिनाइलोलप्रोपेन) और इसके लवण हैं । उत्पाद की व्यापक श्रेणी के आयात आंकड़ों को उपलब्ध कराकर के पी एल क्षति के मामले को तैयार करने के लिए गुमराह करने की कोशिश कर रहा है जबकि वस्तुतः ऐसा कोई मामला विद्यमान नहीं है । सार्थक निष्कर्ष निकालने के लिए निर्णय बी पी ए के आयात आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए जिन्हें के पीएल ने जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किया है विशेषतः तब जब किसी रक्षोपाय जांच का मूल दायरा आयातों की प्रवृत्ति हो । यदि यह दायरा ही अशुद्ध आंकड़ों और तुच्छ अवधारणाओं पर आधारित हो तो जांच की प्रक्रिया तर्कहीन हो जाती है ।

(ग) इस संबंध में आवेदक ने कहा है कि उन्होंने वर्ष 1997-98 से 2001-02 के आंकड़े डी जी सी आई एस कोलकाता द्वारा प्रकाशित और सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध आयात

आंकड़ों के आधार पर प्रस्तुत किए हैं । 2002-03 (दिसम्बर) की अवधि में किए गए आयात सितम्बर तक उपलब्ध प्रकाशित ब्यौरों के आधार पर थे जिसकी गणना यथाअनुपातिक आधार पर की गई थी । इस संबंध में 2002-03 (दिसम्बर) की अवधि के लिए बीपीए के आयातों के संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत ब्यौरों का चयन के आधार पर सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय चेन्नई, मुम्बई, जे एन पी टी और न्हावारोवा के जरिए महानिदेश्सालय द्वारा सत्यापन किया गया था । यह सूचना दी गई है कि बी पी ए के लवणों के अतिरिक्त 2002-03 (दिसम्बर) की अवधि के दौरान चेन्नई और जे एन पी टी पर क्रमशः 2033.240 मी. टन और 2975.079 मी. टन मात्रा में बी पी ए का आयात किया गया ळ । मुम्बई सीमा शुल्क ने सूचित किया है कि 2002-03 (दिसम्बर तक) के दौरान 1921363 रूपये के मूल्य के 19.706 मी. टन बी पी ए का आयात किया गया है। बम्बई में आयातित बी पी ए का मूल्य प्रति मी. टन अत्यधिक होने के कारण उसे बी.पी.ए. के लवण समझा गया है और भारत में आयातित सकल मात्रा का परिकलन करते समय उसे अलग कर दिया गया है । आंकड़ों का सत्यापन कर लिया गयाहै और प्रविष्टि बिलों तथा उद्गम देश के आधार पर संकलित किया गया है जैसाकि सीमा शुल्क रिकार्ड में उपलब्ध है । डी जी सी आई एस ने स्पष्ट किया है कि उनके प्रकाशन में दर्शाए गए देशवार आयात कुल मिलाकर प्रेषण के देश को भेजे गए आयातों का संकेत देते हैं । सार्वजनिक सुनवाई में पूछे जाने के बावजूद किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा बी पी ए के लवणों के ब्यौरे उपलब्ध/प्रस्तुत नहीं कराए गए ।

(घ) उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह देखा गया है कि डी जी सी आई एस से प्राप्त 1998-99 से 2001-02 तक की अवधि के लिए आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े प्रमाणिक मालूम होते हैं, हालांकि उनमें बी पी ए के लवणों की कुछ थोड़ी मात्रा शामिल हो सकती है । तथापि, 2002-03 (दिसम्बर) की अवधि के आयातों के आंकड़े जो यथा अनुपात आधार पर प्रस्तुत किए गए हैं, को डी जी सी आई एस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों, आयातकों द्वारा प्रस्तुत आयातों के ब्योरों और सीमाशुल्क द्वारा किए गए सत्यापन के अधार पर शुद्ध कर लिया गया है । निर्यातकों/आयातकों/प्रयोक्ता उद्योगों द्वारा कोई प्रतिकूल आंकड़े प्रस्तुत न किए जाने पर मैं मानता हूं कि आयातों की मात्रा 2002-03 (दिसम्बर) की अवधि के लिए 5934 मी. टन है जिसे वर्तमान जांच का आधार माना गया है ।

(ड.) यह तर्क दिया गया है कि अग्रिम लाइसेंसों पर निर्यात उत्पादन में प्रयोग के लिए अथवा पुनः आपूर्ति के लिए आयातित माल को क्षति मानदंडों के निर्धारण के लिए शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे घरेलू धारा में शामिल नहीं होते हैं । यह ठीक मालूम नहीं होता क्योंकि उनकी घरेलू रूप से उत्पादित माल के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं होती है जितना कि घरेलू रूप से उत्पादित माल के हिस्सेको निशुल्क आयात समाप्त कर देते हैं जिसे सामान्य तौर पर यदि आयात न किया गया होता तो जिन्हें निर्यात उत्पादन में प्रयोग किया जाता । तथापि निर्यात संवर्धन के एक उपाय के रूप में अग्रिम लाइसेंसों पर आयातित माल को कुछ शर्तों के अध्यधीन प्रारंभ में रक्षोपाय शुल्क लगाने से छूट दी

जाती है । मांग होने पर घरेलू उत्पादक डीम्ड एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत बी पी ए की आपूर्ति कर सकते थे जिसे भारतीय तट को वस्तुगत रूप से छोड़े बगैर निर्यात माना जाता है ।

(च) विभिन्न पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि बी पी ए के आयातों को कानून के अंतर्गत यथाअपेक्षित बढ़े हुए आयातों की आवश्यकता पूरा करने वाला नहीं समझा जा सकता । बढ़े हुए आयातों के संदर्भ में इसबात पर जोर दिया गया है कि आयातों में वृद्धि को अर्जेन्टीना फुटवियर मामले में डब्ल्यू टी ओ की पेनल रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाना है । यह तर्क दिया गया है कि यह मूल्यांकन करना आवश्यक है कि क्या वृद्धि अप्रत्याशित घटनाओं के परिणामस्वरूप है या गैट के अंतर्गत भारत द्वारा दी गई वचनबद्धताओं के प्रभाव के कारण है । " अप्रत्याशित घटनाओं के परिणामस्वरूप " के संदर्भ में इस अभिव्यक्ति की निम्नानुसार व्याख्या की गई थी:

" अनुच्छेद xix 1 के उप-पैराग्राफ में " अप्रत्याशित घटनाओं और टैरिफ रियायतों सहित इस करार के अन्तर्गत किसी सदस्य द्वारा पूरे किए दायित्वों के प्रभाव के परिणामस्वरूप" खंड का अर्थ निर्धारित करने के लिए हमें इन शब्दों की उनके संदर्भ में और अनुच्छेद xix के उद्देश्य और प्रयोजन के आलोक में जांच करनी चाहिए । हमें पहले इन शब्दों के साधारण अर्थ को देखना चाहिए । " अप्रत्याशित घटनाओं " के अर्थ के संबंध में हम नोट करते हैं कि "अप्रत्याशित " विशेषतः जब यह " घटनाओं " से संबंधित हो, की शब्दकोषीय परिभाषा " असंभावित " के समानार्थक है । दूसरी ओर "अप्रत्याशनीय " की शब्दकोशों में " अननुमेय " अथवा " जिसकी प्रत्याशा, पूर्वानुमान, पूर्वकथन न किया जा सके " परिभाषाए की गई है (बल दिया गया) । इस प्रकार हमें यह मालूम होता है कि " अप्रत्याशित घटनाओं के फलस्वरूप" वाक्यांश के सामान्य अर्थ के लिए यह आवश्यक है कि घटनाएं जिनके फलस्वरूप किसी उत्पाद का इतनी अधिक मात्रा में आयात होना और ऐसी स्थितियों में होना जिससे घरेलू उत्पादक को गंभीर क्षति होती हो अथवा क्षति होने का खतरा हो, को अवश्य ही " अप्रत्याशित " होना चाहिए । जहाँ तक " टैरिफ रियायतों सहित इस करार के अन्तर्गत किसी सदस्य द्वारा पूरे किए गए दायित्वों के प्रभाव का संबंध है, हमारा विश्वास है कि इस वाक्यांश का केवल यह अर्थ है कि इसे वस्तुतः ऐसे प्रदर्शित किया जाना चाहिए कि आयातक सदस्य ने टैरिफ रियायतों सहित गैट 1994 के अन्तर्गत दायित्वों का निर्वहन किया है (बल दिया गया) । हम यहां यह नोट करते हैं कि गैट, 1994 के साथ संलग्न अनुसूचियों को गैट 1994 के अनुच्छेद II के पैराग्राफ 7 के अनुसरण में करार के भाग- I का अभिन्न अंग बनाया गया है । इसलिए किसी सदस्य की अनुसूची में कोई रियायत और वचनबद्धता गैट 1994 के अनुच्छेद II में दायित्वों के अध्यधीन है ।

तथापि इस तरह अपीलीय निकाय ने " अप्रत्याशित " और " अप्रत्याशनीय" के बीच अन्तर किया है । उन्होंने " अप्रत्याशित घटनाओं " को " असंभावित घटनाओं " का पर्याय माना है ।" जिससे यह आशा करना उचित नहीं होगा कि रियायतें देने वाली देश की वार्ताओं में रियायतें देने की वार्ताओं के समय प्रत्याशा की जा सकती है और की जानी चाहिए तथापि, विभिन्न

मानक स्थापित करना मालूम होता है जो अधिकांशतः "अप्रत्याशनीय" की परिधि में आता है जिसे अपीलीय निकाय ने "अप्रत्याशित" से अलग किया है ।

(छ) इस संबंध में घरेलू उत्पादक ने बताया है कि वर्ष 2001-02 और 2002-03 (दिसंबर) में बी पी ए के आयातों में अचानक बढ़ोत्तरी से उन्हें क्षति हुई है । भारत को आयातित कच्ची सामग्री अर्थात् फिनोल और एसीटोन पर एस जी डी लागू करने के कारण अप्रत्याशित घटनाओं के अनुक्रम में एसीटोन और फिनोल के घरेलू उत्पादकों ने अपनी कीमतें बढ़ाई जिसके फलस्वरूप के.पी.एल. के लिए बी पी ए की उत्पादन लागत में वृद्धि हुई, विदेशी विनिर्माताओं द्वारा एशिया में 6 लाख टी पी ए की अतिरिक्त बी पी ए क्षमता स्थापित की गई जिसका के पी एल पर घरेलू बाजार और निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और बाह्य स्रोतों के कारण यूरोपीय और यू.एस. बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों द्वारा बी पी ए की मांग के लिए कमी की गई जिसके फलस्वरूप भारत में बी पी ए की जांच का मार्ग बना । तथापि, विरोधी हितबद्ध पक्षकारों ने जोर देकर यह कहा है कि ऐसे समय पर बी पी ए में निवेश करना गलत निर्णय था जब सरकार आयात शुल्क घटाने के अपने आशय को पहले ही घोषित कर चुकी थी और जब बहुत से बड़े विनिर्माता भारत के बाहर वैकवार्ड एकीकरण के साथ बड़ी सुविधाओं की स्थापना कर रहे थे ।

(ज) घरेलू कानून के अन्तर्गत आवश्यकता के संबंध में यह देखा गया है कि सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 ख द्वारा सरकार को किसी वस्तु पर रक्षोपाय शुल्क लगाने की शक्ति प्राप्त होती है, यदि यह साबित हो जाता है कि वह वस्तु भारत में ऐसी बढ़ी हुई मात्राओं में आयात की गई है और ऐसी स्थितियों में की गई है जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई है अथवा होने का खतरा है । इसके अतिरिक्त, "बढ़ी हुई मात्रा" शब्द की आयातों में वृद्धि चाहे वह घरेलू उत्पादन की तुलना में पूर्णरूपेण अथवा सापेक्ष हो, को शामिल करने के लिए सीमाशुल्क टैरिफ (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और मूल्यांकन) नियमावली, 1997 के अन्तर्गत परिभाषा की गई है । वर्तमान मामले में अन्तिम छोर से अन्तिम छोर तक के आधार पर पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में पूर्ण रूप से आयातों में निःसंदेह वृद्धि हुई है । वर्तमान मामले में वर्ष 1997-98 से 2002-03 (दिसंबर) तक की अवधि के लिए विशेषतः आयात रूख से घरेलू उद्योग की वर्तमान स्थिति अधिक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की गई है । इसके अतिरिक्त वास्तविक स्थिति यह है कि जब घरेलू उद्योग को विश्व स्तरीय उत्पादकों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी है तब अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उत्पादन के लिए उत्तरदायी घटकों के कारण इसके पास अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी वातावरण का प्रावधान नहीं था । यह सामान्य बात है कि भारत में विद्युत, इंधन और वित्तपोषण अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों की तुलना में भारत में उपलब्ध नहीं कराए जा सकते । सरकार ने भी एसीटोन और फिनोल जो बी पी ए के लिए प्रमुख कच्ची सामग्री है, पर अपने दायित्वों को बढ़ा दिया था । विदेशी विनिर्माताओं द्वारा एशिया में 6 लाख टी पी ए की अतिरिक्त क्षमता की स्थापना से भी के पी एल पर घरेलू बाजार और उसके निर्यातों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । आयातों में वृद्धि स्पष्ट रूप से इन सभी असंभावित घटनाओं का प्रभाव है । जहाँ तक बी पी ए के संबंध में भारत द्वारा पूरे किए गए उत्तरदायित्वों का संबंध है, यह उल्लेख करना उचित

है कि बी पी ए एक ऐसा उत्पाद है जिसके संबंध में भारत ने अन्य बातों के साथ-साथ इसे रियायतों की अनुसूची और अप्रतिबंधित आयात योजना में शामिल करके टैरिफ रियायतें प्रदान करके दायित्व को पूरा किया अर्थात् बी पी ए के लिए किसी मात्रात्मक प्रतिबंध के बगैर आयात की अनुमति प्रदान की । आयात अप्रत्याशित घटनाओं और भारत द्वारा निर्वहन किए गए दायित्वों के फलस्वरूप बढ़े ।

5. गंभीर क्षति का खतरा

बी.पी.ए. के आयातों से घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति हुई/ होने का खतरा उत्पन्न हुआ और घरेलू उद्योग को समग्र रूप से काफी क्षति पहुंची है जो निम्न तालिका से स्पष्ट है:-

(मी.टन में)

वर्ष	घरेलू उत्पादन	घरेलू बिक्री	आयात	सकल घरेलू खपत	घरेलू उत्पादन के % के रूप में आया	घरेलू बिक्रियों से घरेलू खपत का % हिस्सा
1997-98	4192	2125	898	3023	21.42	70.29
1998-99	5242	3222	1376	4598	26.25	70.07
1999-00	6147	3722	2253	5975	36.65	62.29
2000-01	5313	4983	2056	7039	38.70	70.79
2001-02	6124	4370	4339	8709	70.85	50.18
2002-03 (दिसंबर)	3834	3149	5934	9083	154.77	34.66
2002-03	4751 I	4107 I	7912 II	12019 II	166.53	34.17

I वास्तविक II वार्षिक

(क) उत्पादनः 1997-98 से 2001-02 तक की पांच वर्ष की अवधि के दौरान औसतन आधार पर बी पी ए का आयात 2185 मी. टन था जो 2002-03 में वार्षिक (2002-03) आधार पर बढ़कर 7912 मी. टन हो गया जिसमें लगभग 262% की वृद्धि हुई । उक्त अवधि के दौरान 5404 मी. टन के औसत घरेलू उत्पादन की तुलना में प्रतिशत के रूप में आयात जो 40% थे, 2002-03 (दिसम्बर) में लगभग 155% बढ़े और वास्तविक उत्पादन के आधार पर 166% वृद्धि हुई। इस तरह जांच अवधि में आयातों में सकल रूप से और घरेलू उत्पादन की तुलना में वृद्धि हुई । बी पी ए का घरेलू उत्पादन जो 1997-98 में 4192 मी. टन था, 2001-02 में बढ़कर 6124 मी. टन हो गया और 2002-03 के पहले नौ महीनों में घटकर 3834 मी. टन रह गया जिसमें उत्पादन में 22% की गिरावट आई ।

(ख) <u>बिक्रियां</u> - बी पी ए की घरेलू बिक्रियाँ 2000-01 में 4983 मी.टन के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई जो 2002-03 के पहले नौ महीनों में घटकर 3149 मी.टन हो गई (2002-03 के दौरान 4107 मी.टन) । के पी ए की प्रत्यक्ष घरेलू खपत में शेयर जो 2000-01 में लगभग 70%

था उसमें अप्रैल-दिसंबर 2002 में 34% की गिरावट आई अर्थात् घरेलू उत्पादक को 36% का मार्केट शेयर गंवाना पड़ा। के पी एल घरेलू बाजार में इस घटे हुए शेयर को भी घटी हुई बिक्री प्राप्तियों पर ही बनाए रखने में समर्थ हुआ है।

(ग) **भण्डार-** बी पी ए के घरेलू उत्पादक का अंतशेष भण्डार जो 1999-2000 में 315.375 मी.टन से घटकर 2000-01 में 72.625 मी. टन हो गया था, वह मार्च, 2002 के अंत में बढ़कर 418.575 मी.टन हो गया। तथापि, दिसम्बर, 2002 के अंत में अंतशेष भण्डार सत्यापन के बाद मुख्यतः सीमित उत्पादन के कारण 60 मी. टन पाया गया था।

(घ) **क्षमता उपयोग -** घरेलू उत्पादक का क्षमता उपयोग जो 1997-98 में 83.85 प्रतिशत था और जो 1999-2000 में बढ़कर 102.45% हो गया था उसमें 2001-02 में 61.24% की गिरावट आई एवं 2002-03 (दिसम्बर तक) की अवधि के दौरान आगे और लगभग 52% की गिरावट आई।

(ङ.) **विदेशों में स्थापित बेशी क्षमताः** घरेलू उत्पादक भारत के निकट स्थित बड़ी क्षमता वाले संयंत्रों से आगे और गंभीर क्षति होने की आशंका का सामना भी कर रहा है जिन्हें भारत में प्रचलित कीमतों से काफी कम कीमतों पर कच्ची सामग्री प्राप्त होती है।

उपर्युक्त विश्लेषण से यह देखा जाता है कि जिस घरेलू उद्योग ने लगभग 2000-01 तक उत्पादन, क्षमता उपयोग में सुधार दर्ज किया था उसे अपना मार्केट शेयर गंवाना पड़ा, कम बिक्री प्राप्तियों के कारण हानि उठानी पड़ी।

6. **कारणात्मक संबंध**

(क) घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई है जैसाकि ऊपर देखा गया है। तथापि, महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या घरेलू उद्योग को यह क्षति वर्धित आयातों के कारण हुई है अथवा कुछेक इच्छुक पक्षों द्वारा दिए गए तर्क के अनुसार घरेलू उद्योग को यह क्षति स्वतः हुई है। विरोधी इच्छुक पार्टियों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि यदि आवेदक द्वारा क्षमता को वस्तुतः दुगुना करते हुए ऐसी क्षमता स्थापित की गई है, जिस पर विवाद भी उठाया गया है तो यह नहीं कहा जा सकता कि आयात और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध है। वर्तमान जांच में यह जांच की जा रही है कि क्या घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति/बाजार विकृति की आशंका हुई है जैसाकि 2002-03 में उनके निष्पादन की तुलना पूर्ववर्ती अवधि के निष्पादन के साथ तुलना करने पर पता चलता है। घरेलू उत्पादकों का मामला यह है कि उन्हें पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में 2002-03 में निष्पादन में भारी धक्का लगा है।

(ख) यह भी तर्क दिया गया है कि यदि उत्पादन और बिक्री स्थिर अथवा वर्धित रही है तो आयातों के साथ किसी कारणात्मक संबंध का दावा नहीं किया जा सकता। यह कानून

के उन प्रावधानों के अनुसार नहीं है जिनमें क्षति का निर्धारण विभिन्न कारकों के तथ्यात्मक मूल्यांकन के अनुसार करना अपेक्षित होता है न कि केवल उत्पादन और बिक्रियों के अनुसार वस्तुतः आयात और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध के निर्धारण हेतु एसजीडी नियमावली के अनुबंध में महानिदेशक से यह अपेक्षा की गई है कि वह उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले तथ्यात्मक तथा मात्रानिर्धारणीय स्वरूप के सभी संगत कारकों खासकर संबंधित. उक्त वस्तु के आयातों में सारभूत एवं तुलनात्मक रूप में वृद्धि की दर एवं मात्रा, वर्धित आयातों के कारण घरेलू बाजार घटे हुए शेयर, बिक्री, उत्पादन, क्षमता उपयोग, लाभ एवं हानि आदि के स्तर में अंतर का मूल्यांकन करे । इसलिए यदि वर्धित आयात ऐसी स्थिति में प्रवेश करते हैं जिनसे उच्चतर घरेलू उत्पादन और बिक्री के बावजूद अधिक बाजार हिस्सा अधिग्रहीत हो जाता है और घरेलू उत्पादन बाधित हो जाता है और घरेलू उत्पादन बाधित हो जाता है तो इस प्रकार हुई क्षति निःसंदेह वर्धित आयातों के कारण होती है ।

(ग) इस मुद्दे का विश्लेषण उसके उचित परिप्रेक्ष्य में करना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस बात के निर्धारण का मूल तत्व है कि क्या घरेलू उद्योग को हुई क्षति वर्धित आयातों के कारण हुई है अथवा अन्य कारकों के कारण । कानून में इस बात की अपेक्षा नहीं की गई है कि वर्धित आयातों अथवा गंभीर क्षति के निर्धारण हेतु घरेलू उत्पादन में गिरावट जरूरी है। वर्धित आयातों के बारे में कोई जांच परिणाम आयातों पर सारभूत रूप में विचार करने और घरेलू उत्पादन की तुलना करने के बाद निकालना होता है । यदि घरेलू उत्पादन बढ़ रहा था और यदि आयातों में तब भी तेजी से वृद्धि हो रही थी तो वर्धित आयातों के बारे में जांच परिणाम निकाला जा सकता है क्योंकि आयातों में सारभूत एवं घरेलू उत्पादन की तुलना, दोनों रूपों में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग को रक्षोपाय सुरक्षा किसी ऐसी स्थिति में उपलब्ध होगी यदि यह प्रदर्शित किया जा सके कि घरेलू उद्योग को वर्धित आयातों के कारण गंभीर क्षति हुई है अथवा उसकी आशंका बनी है । दूसरे शब्दों में गंभीर क्षति के बारे में किसी जांच परिणाम के लिए घरेलू उत्पादन का अनिवार्यतः गिरना अपेक्षित नहीं है ।

(घ) घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति जो 2001-02 में शुरू हुई थी वह वर्ष 2002-03 (दिसंबर) में अधिक स्पष्ट तौर पर दिखाई दी । यह देखा गया है कि के पी एल का उत्पादन 2001-02 (दिसम्बर) में 4426 मी.टन से घटकर 2002-03 (दिसंबर) में 3834 मी.टन रह गया है । इसी प्रकार घरेलू बिक्री में भी गिरावट दर्ज की गई थी जो 3300 मी.टन से घटकर उक्त अवधि के दौरान 3149 मी.टन हो गई थी । 2002-03 के दौरान बिक्री घटी हुई प्राप्ति पर की गई थी ।

बी पी ए की प्रति मी.टन प्राप्ति जो 2001-02 (दिसंबर) के दौरान 67034 रू0 रही थी वह 2002-03 (दिसंबर) में घटकर 51298 रू0 पाई गई थी जिसमें लगभग 24% की गिरावट दर्ज की गई थी । चूंकि घरेलू उत्पादकों के उत्पादन और बिक्री में नुकसान होता रहा इसलिए नियम लागत पर उसका प्रभाव पड़ा जिससे उनकी उत्पादन लागत में

वृद्धि हुई और लाभ में कमी आई । यह देखा गया है कि के पी एल को 1998-99 के दौरान 411 लाख रूपये का भारी वित्तीय घाटा हुआ जो 1999-2000 में बढ़कर 426 लाख रूपये हो गया जिसमें 31 मार्च, 2002 की स्थिति के अनुसार 254 लाख रू0 की गिरावट आई किन्तु यह पुनः 2002-03 में तेजी से बढ़कर 779 लाख रूपये का हो गया।

घटी हुई कीमतों पर जो आयात भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं उनमें हुई वृद्धि से घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति होने की आशंका उत्पन्न हो गई है खासकर इस वजह से कि उनसे बी पी ए की भारतीय मांग की पर्याप्त पूर्ति करने की उचित क्षमता उत्पन्न हो गई है । आयातों ने ऐसी स्थिति में प्रवेश किया है जिन्होंने घटी हुई कीमतों में बिक्री के बावजूद उच्चतर मार्केट शेयर पर कब्ज़ा कर लिया है और घरेलू उत्पादन में रूकावट डाली है जिससे स्पष्ट तौर पर यह पता चलता है कि इस प्रकार की क्षति निस्संदेह वर्धित आयातों के कारण हुई है ।

(ड.) यह भी देखा गया है कि यद्यपि 2002-03(दिसंबर) की अवधि के दौरान दोनों कच्ची सामग्रियों फेनोल और एसिटोन की कीमतों में बढोतरी की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई थी किंतु बी पी ए की कीमतें उसकी कच्ची सामग्री की कीमतों में हुई वृद्धि के अनुरूप नहीं बढ़ी थी ।

(च) जहां तक घरेलू उद्योग को क्षति के हेतु का संबंध है संबंधित पार्टियों ने अनेक मुद्दे उठाए हैं । कुछेक पार्टियों द्वारा जोरदार ढंग से उठाया गया मुद्दा घरेलू रूप से उत्पादित बी पी ए और आयातित बी पी ए की गुणवत्ता से संबधित है । यह अनुरोध किया गया है कि आयातित बी पी ए की तुलना में घरेलू रूप से उत्पादित बी पी ए की गुणवत्ता घटिया है और यह कि गुणवत्ता के दृष्टिकोण से प्रयोक्ता उद्योग ने आयातित बी पीए के उपयोग का पक्ष लिया है । उन्होंने इस तथ्य पर भारी विश्वास किया है कि के पी एल द्वारा आयातित बी पी ए की तुलना में कम कीमतों पर अपने बी पी ए की बिक्री की जा रही है जो उनके अनुसार उनके तर्क के समर्थन में दिया गया साक्ष्य है । इस संबंध में उन्होंने यह तर्क दिया है कि घरेलू एपॉक्सी विनिर्माता विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं को अधिक कीमत का भुगतान करते हैं जिससे यह प्रश्न उठता है कि के पी एल विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं के समान कीमत प्राप्त करने में समर्थ क्यों नहीं है । जहाँ तक घरेलू बिक्री कीमत का संबंध है यह देखा गया है कि के पी एल ने स्पष्ट तौर पर यह बताया है कि उन्होंने आयातित बी पी ए की तुलना में अपनी कीमतों को सावधानीपूर्वक प्रतिस्पर्धी बनाए रखा है । इसके अलावा, यह तर्क निराधार है कि कम कीमतों से घटिया गुणवत्ता का संकेत मिलता है । जैसाकि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, बी पी ए की सी आई एफ आयात कीमत घट रही है । कुछ निर्यातकों ने अपनी कीमतों में अन्य की तुलना में अधिक कमी की होगी । यदि कम कीमतों को घटिया गुणवत्ता से जोड़ा जाएगा तो इसका अर्थ यह निकलेगा कि आयातित बी पी ए की गुणवत्ता में भी इस अवधि के दौरान गिरावट आई है जो सही नहीं हो सकता ।

(छ) के पी एल ने यह स्पष्ट किया है कि उनकी कीमतें "प्रत्याशित पहुंच कीमत समानता" के सिद्धांत पर आधारित हैं । कीमत गिरावट की स्थिति में उन्हें प्रत्याशित पहुंच लागत पर आधारित किसी कीमत पर बी पी ए की पेशकश करनी पड़ी थी । पेट्रोएराल्डाइट के संबंध में उनके सबसे बड़े ग्राहक के पी एल ने अनुरोध किया है कि ऐसे बड़े ग्राहक के साथ वार्षिक संविदा कीमतें इस प्रकार की आयात कीमत के रूझानों के आधार पर निर्धारित करवाई जाती हैं । वार्षिक संविदा कीमत के निर्धारण हेतु हिसाब में ली गई सुपुर्दगी कीमत प्रत्याशित पहुंच कीमत के साथ-साथ आयातित बी पी ए की पहुंच कीमत और ऐसे बड़े ग्राहकों के लिए बी पी ए की घरेलू बिक्री कीमत के बीच अंतर हेतु हिसाब में लिए गए भारतीय रूपए के मूल्य ह्रास पर आधारित होती हैं । इसके अलावा, कीमतों में गिरावट की स्थिति में घरेलू बिक्री कीमत गिरती हुई निर्यात कीमत का अनुसरण करती है जिससे बाद में घरेलू कीमत गिरती जाती है जिसकी वजह से कीमतों में सतत् गिरावट आती है । इस बात को भी माना जा सकता है कि मौके पर कीमतें अक्सर संविदा कीमतों से काफी कम होती हैं जिनका घरेलू कीमतों पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है । उपर्युकत विचार-विमर्श के मद्देनजर यह देखा जा सकता है कि आयातित बी पी ए की पहुंच कीमतों की तुलना में कम घरेलू बिक्री कीमतों का तात्पर्य घरेलू रूप से उत्पादित बी पी ए की गुणवत्ता के प्रदर्शन के रूप में नहीं निकाला जा सकता ।

7. **गुणवत्त एवं तकनीकी सहायता**

(क) कुछ इच्छुक पार्टियों ने यह आरोप लगाया है कि केपीएल द्वारा विनिर्मित बी पी ए की घटिया गुणवत्ता उनके मार्केट शेयर में गिरावट, घटी हुई बिक्री प्राप्तियों और निर्यात बाजारों की हानि का मूलभूत कारण है । उन्होंने दावा किया है कि आयातित बी पी ए के पी एल द्वारा विनिर्मित बी पी ए की तुलना में गुणवत्ता और दिखावट में अलग प्रकार का है । इस संबंध में यह देखा जाता है कि आयातित बी पी ए और घरेलू बी पी ए दोनों एक ही बाजार में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं और उनमें उपयोग संबंधी विशेषताएं समान हैं । यह देखा जाता है कि के पी एल एक आईएसओ 9001 मान्यताप्राप्त कंपनी है । के पी एल द्वारा विनिर्मित बी पी ए और आयातित उत्पाद की विशेषताओं के बारे में गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई एक प्रति से यह पता चलता है कि के पी एल का उत्पाद आयातित बी पी ए से पूर्णतः तुलनीय है । आईएसओ 9001 उत्पादकों के अनुसार वे ग्राहकों से प्राप्त सूचना के अनुसार चलते हैं और ग्राहक की पूर्ण संतुष्टि को सुनिश्चित करते हैं तथा स्वयं निरंतर सुधार करते हैं । उन्होंने आगे यह अनुरोध किया है कि उनके पास बी पी ए के अनेक छोटे और मंझोले ग्राहक हैं जो उत्पाद एवं तकनीकी सहायता सेवा हेतु उन पर पूर्णतः निर्भर हैं क्योंकि उनकी जरूरत प्रति माह लगभग 100 कि.ग्रा. से 5 मी. टन तक की अल्प मात्रा में होती है ।'अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ उनकी जरूरतों को पूरा करने में रूचि नहीं रखती हैं । उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि सतत कारोबारी संबंध को ध्यान में रखते हुए और ग्राहक के साथ संबंध को बनाए रखने और उसे बढ़ाने की दृष्टि से उन्होंने इस बात की पूरी जानकारी होते हुए कुछेक

दावे स्वीकार किए थे कि उक्त दावे किसी आधार पर स्वीकार्य नहीं हैं । अतुल द्वारा अप्रैल,2001 से नवंबर, 2001 तक की अवधि के दौरान बी पी ए हेतु प्रस्तुत किए गए कुछेक क्रय आदेशों के अवलोकन से यह पता चला है कि रंग की अपेक्षा मैक्स 60 ए पी एच ए वर्णित की गई है । अतुल ने जुलाई, 2002 में ही यह उल्लेख किया था कि रंग 20 ए पी एच ए से अधिक नहीं होना चाहिए । पेट्रोएराल्डाइट को अपने संयंत्र की शुरूआत से ही के पी एल से बी पी ए का नियमित क्रेता पाया गया था और उनकी बिक्री प्रत्येक वर्ष बढ़ती हुई पाई गई थी । यह देखा गया था कि उन्होंने 1998-99 में 16 मी. टन की खरीद की जो 2002-03 में बढ़कर 2874 मी. टन हो गई ।

(ख) विरोधी पार्टियों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि स्वयं एक आईएसओ कंपनी होने का तात्पर्य इस बात के सिवाय कुछ नहीं है कि यह इस आशय का एक प्रमाण-पत्र है कि उक्त कंपनी ऐसे कुछ तरीकों और पद्धतियों का अनुपालन करती है जो निष्पादन हेतु भले ही गलत अथवा अपर्याप्त हों । लेकिन यह सही प्रतीत नहीं होता है कि बी वी क्यू आई द्वारा के पी एल को प्रदत्त आई एस ओ 9001 के उक्त प्रमाण-पत्र में यह उल्लेख है कि के पी एल की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का आकलन किया गया है और उसे बी पी ए के संबंध में आई एस ओ 9001: 2000 की अपेक्षाओं के अनुरूप पाया गया है । इस बात का भी सत्यापन किया गया है कि के पी एल के पास अपने बी पी ए की जांच हेतु पर्याप्त सुविधाएं हैं और वे उक्त सामग्री की आपूर्ति केवल उन्हीं क्रेताओं को करते हैं जो गुणवत्ता संबंधी मापदंडों को पूरा करते हैं । उन्होंने अपने प्रमुख ग्राहकों से ऐसे दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत की हैं जिनसे उनके बी पी ए की स्वीकार्यता सिद्ध होती है। बी पी ए की स्वीकार्यता के समर्थन में के पी एल ने यह भी अनुरोध किया है कि उन्होंने डोव केमिकल्व, थाई एपॉक्सी एंड एलाइड प्रोडक्ट्स, डेवू आदि जैसी जानी मानी कंपनियों को निर्यात किया है ।

(ग) गुणवत्ता के मुद्दे पर अलग रूप में विचार नहीं किया जा सकता । बी पी ए एक वाणिज्यिक उत्पाद है और किसी को उस गुणवत्ता और कीमत दोनों को ध्यान में रखते हुए बी पी ए की वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता पर विचार करना होता है जिन पर उक्त उत्पद को प्रतिस्पर्धी उत्पादों से प्रतिस्थापित किया जाता है । प्रतिस्पर्धी उत्पादों की वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता पर विचार करने की जरूरत इस तथ्य से भी उत्पन्न होती है कि कुछ पार्टियों ने के पी एल की सामग्री को अस्वीकार करने के बजाय के पी एल से उनके बी पी ए के उपयोग से उत्पन्न रेजिनों के विनिर्माण में आई उच्चतर बैच लागत के लिए क्षतिपूर्ति का दावा किया है । पूर्वोक्त विचार विमर्श को ध्यान में रखते हुए यह माना जाता है कि के पी एल द्वारा प्रदत्त गुणवत्ता एवं तकनीकी सहायता सेवा वर्धित आयातों हेतु नहीं थी ।

3. **क्षमता का विस्तार:**

घरेलू उत्पादकों ने प्रतिवर्ष 10000 मी.टन की क्षमता का दावा किया था जिसे कुछ पार्टियों द्वारा चुनौती दी गई है और उन्होंने इस संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य की जांच करने का अनुरोध किया है । घरेलू उत्पादकों ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 1990 में जब संयंत्र का निर्माण किया गया था तो उसे प्रतिवर्ष 10000 मी. टन का उत्पादन करने की क्षमता के साथ तैयार किया गया था किन्तु तत्समय विद्यमान मांग को ध्यान में रखते हुए कुछेक संतुलनकारी उपस्करों की संस्थापना को आस्थगित करके 5000 मी.टन तक सीमित किया गया था । इस संबंध में उन्होंने गोपनीय आधार पर दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया है । उन्होंने आगे बताया है कि प्रचालन के पहले कुछ वर्षों के बाद उन्होंने अवरोधों को दूर करके संयंत्र की क्षमता को बढ़ाया है तथा संयंत्रों की आन-स्ट्रीम क्षमता से यह पता चलता है कि उक्त संयंत्र की क्षमता अब प्रति वर्ष 10000 मी. टन की है । प्रस्तुत दस्तावेजों से यह पता चला था कि के पी एल (महाराष्ट्र पेट्रोकैमिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित) ने लगभग 32 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से इंस्टीट्यूट ऑफ हेवी आर्गेनिक सिन्थेसिस (आई सी एस ओ), पोलैण्ड द्वारा विकसित केशन एक्सचेंज तकनालॉजी के आधार पर पालीबर इंजीनियरिंग लि0, यू.के. के तकनीकी सहयोग से बी पी ए का प्रतिवर्ष 5000 टन का विनिर्माण करने के लिए एक संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव किया था । के पी एल ने वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद पहले तीन वर्ष के लिए पालीबर के साथ पुनः खरीद करार भी किया था । 1994-95 में बी पी ए की कुल घरेलू मांग लगभग 7500 मी.टन आंकी गई थी । परियोजना की व्यवहार्यता आयात कीमत के बराबर कीमतों पर निर्भर करती थी । कंपनी ने अपने बीपीए संयंत्र की क्षमता 1999-2000 में 5000 टीपीए से बढ़ाकर 6000 टी पी ए तथा 2001-02 में आगे और बढ़ाकर 10000 टी पी ए कर दी थी । तथापि बढ़ाई गई इस क्षमता का उपयोग नहीं किया गया था क्योंकि उत्पादन को आयातों में अत्यधिक बढ़ोतरी जिससे उनकी घरेलू बिक्री प्रभावित हुई थी, के कारण सीमित करना आवश्यक था । कुछ पार्टियों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि आवेदक द्वारा क्षमता का विस्तार करना कोई विवेकपूर्ण निर्णय नहीं था और यह कि क्षति स्वोद्भूत थी । इस संबंध में यह देखा जाता है कि जिन परिस्थितियों में के पी एल ने अपनी क्षमता का विस्तार किया था उन पर गौर करने की जरूरत है । आवेदक ने यह बताया है कि वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के समय उनकी इकाई की क्षमता प्रतिवर्ष 5000 मी. टन की थी जिसे 1999-2000 में बढ़ाकर प्रतिवर्ष 6000 मी.टन कर दिया गया था और 2001-02 में आगे और बढ़ाकर 10000 मी. टन कर दिया था । इस विस्तार पर विचार किया गया था क्योंकि अतिरिक्त क्षमता का सृजन नियत परिसम्पत्तियों में मामूली वृद्धि से की जा सकती है । भवन सहित विस्तार की लागत केवल 450 लाख रूपये आई थी जबकि संयंत्र स्थापित करने की आरंभिक लागत 4500 लाख रूपये थी । इस प्रकार 100% से अधिक का विस्तार इस मामूली अतिरिक्त पूंजी व्यय से प्राप्त किया जा सकता था । क्षमता में उक्त वृद्धि से प्रति कि.ग्रा. उत्पादन के लिए निर्धारित ऊपरी खर्चों की लागत में कमी आएगी और के पी एल को अपना अस्तित्व बनाए रखने तथा उभरते हुए भारतीय बाजार की जरूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी । इन घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए यह नहीं माना जा सकता कि के पी एल ने अपनी क्षमता के विस्तार का जो निर्णय लिया था वह विवेकपूर्ण नहीं था और यह कि उन्हें हुई क्षति स्वोद्भूत है । यह भी देखा गया है कि ब्वायलर, रिएक्टर्स, कूलिंग टावर, अपरिष्कृत एवं तैयार उत्पाद भण्डारण, अपशिष्ट जल अभिक्रिया संयंत्र तथा निस्सारण को बाहर निकालने के लिए महंगी पाइपलाइन जैसे स्थापित किए गए सहायक

उपयोगिता संयंत्र 10000 मी. टन की उनकी क्षमता की दृष्टि से काफी अधिक क्षमता वाले सयंत्र हैं । संयंत्र की क्षमता को केवल उस स्थिति में 15000 मी.टन वार्षिक की प्रस्तावित क्षमता तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है यदि मामूली निवेश से मांग को पूरा करने तथा अल्पावधि में पर्याप्त बाजार उपलब्ध हों और कुल कारोबार के अनुपात में आकर्षक निवेश से उस स्थिति में बढ़ाया जा सकता है यदि कंपनी के लिए उच्चतर संयंत्र के भार संबंधी कारक के अनुसार संयंत्र का विस्तार करने और उसे चलाने एवं देश की मांग को पूरा करने का अवसर उपलब्ध हो ।

9. कीमत निर्धारण

(क) इस आशय का तर्क दिया गया है कि रक्षोपाय जांच में विचार हेतु कीमत एक संगत कारक नहीं है । इस संबंध में यह देखा जाता है कि पाटनरोधी जांच के मामले के विपरीत जिसमें निर्यातकों द्वारा अपनाई गई कीमत विभेदकारी पद्धतियां पाटनरोधी कार्रवाई का आधारभूत कारण होती हैं, रक्षोपाय जांच के मामले में रक्षोपाय कार्रवाई करने के लिए वर्धित आयातों की रक्षोपाय जांच आधारभूत अपेक्षा होती है । जिस कीमत पर आयात हो रहे हैं वह खास संगत कारक नहीं हैं क्योंकि अनुचित प्रतिस्पर्धा वह आधार नहीं है जो रक्षोपाय कार्रवाई की विषयवस्तु हो किन्तु घरेलू उत्पादकों के समक्ष वर्धित आयातों से पेश की गई प्रतिस्पर्धा भले ही वह उचित कीमत पर हो इस कार्रवाई की विषय वस्तु होती है । इसी संदर्भ में आयात कीमतें प्रासंगिक नहीं होती हैं । तथापि जब गंभीर क्षति अथवा उसकी आशंका की जांच की जाती है तो कानून के अधीन घरेलू उत्पादकों की बिक्री, लाभप्रदत्ता आदि के स्तर में परिवर्तन की जांच अपेक्षित होती है। ये कारक निःसंदेह प्रतिस्पर्धी उत्पादों की कीमत पर निर्भर करते हैं और उसी संदर्भ में आयात कीमतें प्रासंगिक बन जाती हैं तथा घरेलू स्थिति पर उनके प्रभाव का आकलन करने के विशेष दृष्टिकोण से जांच की जरूरत होती है ।

(ख) सीमाशुल्क द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्यौरों से यह देखा गया है कि 2002-03 (दिसंबर) के दौरान बीपीए के आयातों की कीमतों (सीआईएफ) में पर्याप्त गिरावट आई है जो 2001-02 में 48128 रू0 पी.एम.टी. से लगभग 23% घटकर 37064 रू0 पी.एम.टी. हो गई हैं । इससे घरेलू उत्पादक द्वारा कीमत में कमी की गई थी । यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कीमतों में गिरावट बाजार विकृति का एक प्रमुख संकेतक है और इसी के परिणामस्वरूप घरेलू उत्पादक को क्षति हुई है । घरेलू उत्पादक के लिए जहां उत्पादन एवं क्षमता उपयोग में बेहतर कुशलता हासिल करना संभव हो सकता है वहीं सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं खास पहलू कीमत का है जिसे वे अपने उत्पाद के लिए प्राप्त कर सकते हैं । घटी हुई कीमतों के परिणामस्वरूप घरेलू उत्पादकों के मार्किट शेयर में अनिवार्यतः कमी आती है और उनकी लाभप्रदत्ता प्रभावित होती है ।

(ग) घरेलू उत्पादकों ने अपनी बिक्री कीमत घटाकर प्रत्यक्ष घरेलू खपत में अपने शेयर को बनाए रखने की कोशिश की । बिक्री कीमत में तेजी से आई इस गिरावट के बाद भी

घरेलू उत्पादक अपना मार्केट शेयर नहीं बनाए रख सके । कुछ पार्टियों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि यदि घरेलू उत्पादकों को हुई क्षति का कारण सस्ते आयात हैं तो आगे यह मानना पर्याप्त नहीं है क्योंकि बी पी ए की आयात कीमतें पहले से ही 1020 अमरीकी डालर के आस-पास रही हैं और इस कीमत पर के पी एल को किसी संरक्षण की जरूरत नहीं है । इस संबंध में यह देखा जाता है कि बी पी ए की वर्तमान सी आई एफ कीमत किसी निर्णय पर पहुंचने का आधार नहीं बन सकती क्योंकि ये जांचोत्तर कीमतें हैं जिनका जांच अवधि के दौरान प्रचलित कीमतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । आयात कीमतों में ऐसे अनेक कारकों में वृद्धि हो सकती है जिनका घरेलू उत्पादन लागत पर भी प्रभाव पड़ सकता है । जांचोत्तर कीमतों पर जांच परिणाम आधारित करना न तो व्यवहारिक है और न ही वांछनीय है । किसी जांच प्राधिकारी के लिए अनवरत रूप से कीमत संबंधी स्थिति का विश्लेषण करना संभव नहीं है । जांच पूरी करने के लिए कोइ निर्धारित बिन्दु जरूरी है ।

(घ) अनेक पार्टियों ने वर्धित आयातों को न्यायोचित ठहराते हुए अथवा यह प्रदर्शित करने के लिए कि घरेलू उद्योग को क्षति वर्धित आयातों से नहीं हुई थी अपितु अन्य कारकों से हुई थी, अनेक मुद्दे उठाए हैं । इन मुद्दों में से सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा आपूर्ति-मांग संबंधी अंतर का है । कुछ पार्टियों ने यह दावा किया है कि घरेलू उद्योग को क्षति का कारण वर्धित आयात नहीं था क्योंकि उक्त आयात घरेलू आपूर्ति और घरेलू मांग के बीच अंतर को पाटने के लिए जरूरी थे । इस पहलू की जांच की गई है और यह देखा गया है कि के पी एल ने 5000 टी पी ए की स्थापित क्षमता से वर्ष 1992 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया था । उसने 2001-02 में अपनी क्षमता बढ़ाकर 10000 टीपीए कर दी । उक्त क्षमता विस्तार मुख्यतः कुछ वर्षों में बीपीए की उत्पादन लागत को कम करने के लिए किया गया था । प्रबंधन से यह सूचना मिली थी कि उक्त विस्तार उनकी वित्तीय पुनर्गठन योजना का अंग था । कंपनी ने भारतीय वित्तीय संस्थानों/बैंकों से सावधि ऋण और कार्यशील पूंजी ली थी जिस पर ब्याज काफी अधिक था जिसे कम लागत वाले बाह्य वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) से प्रतिस्थापित किया गया था । यह सत्यापित किया गया था कि उनके पास पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं हैं, उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण मशीनें लगाई हैं और इसके अलावा उन्होंने पर्याप्त क्षमता वाली पेटेंटशुदा मशीनों की आपूर्ति हेतु अपने सहयोगियों के साथ सविंदाएं भी की हैं तथा उनके पास 10000 मी.टन की क्षमता है एवं उनके पास अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतिवर्ष बीपीए की मात्रा बढ़ाकर 15000 मी.टन करने और उसका विनिर्माण करने की संभाव्यता है । उनके के0उ0शु0 सांविधिक रिकार्डों से यह सत्यापित किया गया था कि उन्होंने जून, 1999 में 725 मी.टन तथा जुलाई, 1999 में 700 मी.टन का विनिर्माण किया था । यह देखा गया था कि कंपनी ने उक्त दोनों महीनों के दौरान निरंतर लगभग 26 मी0 टन का विनिर्माण किया था । इसके अलावा, आवेदक ने देश में बीपीए के आयातों का विरोध नहीं किया है । के पी एल ने जिस बात की मांग की है वह आयातों की तुलना में प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तीन वर्ष की अवधि तक प्रतिस्पर्धा का समान अवसर उपलब्ध कराना है ।

(ड.) अतः यह मानने कि घरेलू उत्पादकों के पास बीपीए की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं थी अथवा यह मानने का कोई आधार नहीं है कि आयातों की जरूरत

इसलिए थी कि घरेलू उत्पादक बीपीए की घरेलू मांग को पूरा करने की स्थिति में नहीं थे। निष्कर्षतः यह देखा गया है कि जांच अवधि के दौरान आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन वर्धित आयातों ने प्रत्यक्ष खपत में उत्तरोत्तर भारी शेयर प्राप्त कर लिया है जो 1997-98 में लगभग 30% से बढ़कर 2002-03(दिसम्बर) में लगभग 65% हो गया है। घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति इन वर्धित आयातों के कारण हुई है। जहां तक वर्तमान जांच का संबंध है, वर्धित आयातों से इतर कारकों का उद्योग की स्थिति पर कोई खास प्रभाव प्रतीत नहीं होता है।

10. निर्यात गंवाए जाने से हुई क्षति

विरोधी इच्छुक पार्टियों ने यह भी दावा किया है कि घरेलू उत्पादक की परेशानी का कारण अपने निर्यात बाजार को गंवाना रहा है जो 2002-03 में 2200 मी.टन से घटकर 1044 मी.टन हो गया है और न कि बी पी ए का आयात इसका कारण है। इस संबंध में इस बात को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि बीपीए की उत्पादन प्रक्रिया घरेलू खपत एवं निर्यात बाजार दोनों के लिए समान है। जो घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में समर्थ नहीं था उससे खासकर तब जब घरेलू आपूर्तिकर्त्ता घरेलू उद्योग के लिए प्रमुख संभावित बाजार थे और निर्यात द्वितीयक बाजार था, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की आशा मुश्किल से ही की जा सकती है। निर्यात के मोर्चे पर भी के पी एल को ऐसे अन्य वैश्विक बीपीए उत्पादकों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी थी जो बड़े पैमाने पर किफायतों का लाभ उठाते हुए अनन्यरूप से बड़ी मात्रा में निर्यात कर रहे थे। के पी एल ने निर्यात बाजार में प्रवेश के कारण स्पष्ट किए हैं और यह बताया है कि ऐसा उक्त संयंत्र में किए गए विशिष्ट निवेश के आलोक में चल रही उत्पादन प्रक्रिया को बनाए रखने और उत्पादन लागत को कम करने के लिए अपने क्षमता उपयोग को बढ़ाने के लिए किया गया था। अतः घरेलू उद्योग को वर्धित आयातों के कारण हुई क्षति प्रभाव के पी एल के निर्यात निष्पादन पर पड़ा था।

11. पुनर्गठन/समायोजन योजना

(क) जहाँ तक आयात प्रतिस्पर्धा में सकारात्मक समायोजन का संबंध है, घरेलू उत्पादकों ने स्पष्ट रूप से यह बताया है कि उन्होंने इस बात को कम आंका था कि रक्षोपाय शुल्क के रूप में प्रदत्त राहत एक अल्पावधिक उपाय है। आवेदकों ने एक पुनर्गठन योजना प्रस्तुत की है जिसमें अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को सुधारने के लिए सकारात्मक समायोजन हेतु किए गए अथवा किए जाने के लिए प्रस्तावित प्रयासों के ब्यौरों का उल्लेख किया गया है। आवेदकों ने बताया है कि वे बी पी ए की प्रति यूनिट प्रचालन लागत कम करने उद्देश्य से अपनी प्रौद्योगिकी का लगातार उन्नयन कर रहे हैं और अपनी विनिर्माण सुविधाओं में आने वाली अड़चनों को दूर कर रहे हैं। आवेदकों ने बताया है कि वे क्षमता उपयोग को अधिकतम बनाकर उत्पादन लागत को कम करने और बड़े पैमाने पर किफायतों के लिए संयंत्र की क्षमताओं में आगे और 5000 मी. टन की वृद्धि करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इन प्रयासों से कंपनी को लागत में पर्याप्त बचत होगी। क्षमताओं को 10000 मी. टन से बढ़ाकर 15000 मी. टन करने में लगभग तीन वर्ष का समय लगेगा। इस विस्तार से उन्हें न केवल बड़े पैमाने पर किफायतों बल्कि कच्ची सामग्रियों

(फिनोल, एसिटोन, भट्टी तेल) की खपत क्षमता में सुधार होने और बड़ी मात्रा की तुलना में निर्धारित लागत के वितरण में भी सुधार आने की आशा है । बिजली चूंकि बीपीए के उत्पादन में लागत संबंधी एक प्रमुख कारक है, इसलिए के पी एल को कोल फायर्ड बायलर के अधिकतम उपयोग द्वारा विद्युत उत्पादन की लागत में कमी आने की आशा है । उच्चतर भार पर निरंतर प्रचालन द्वारा फिनोल की खपत, जो प्रति मी.टन बी पी ए की 0.931 मी.टन थी, को घटाकर 0.900 मी.टन करने और एसिटोन की खपत प्रति मी. टन बीपीए की 0.335 मी.टन से घटाकर 0.310 मी.टन करने का प्रस्ताव है । निकासी हेतु अपेक्षित सह उत्पाद तार की मात्रा प्रतिदिन एक जैसी रहती है और इस प्रकार उच्चतर भार पर संयंत्र का प्रचालन करने से दोनों कच्ची सामग्रियों अर्थात फिनोल एवं एसिटोन के खपत मानकों को सुधारने में मदद मिलेगी । कंपनी ने मौजूदा आयल फायर्ड बायलर के स्थान पर कोल कायर्ड बायलर की स्थापना की है जिसके परिणामस्वरूप ईंधर लागत में प्रतिवर्ष लगभग एक करोड़ रू0 की बचत होगी । दीर्घावधि ऋण पर ब्याज कम हो जाएगा क्योंकि उच्चतर क्षमता उपयोग द्वारा आंतरिक संसाधनों का सृजन होने से कंपनी ऋण चुकता करने में समर्थ हो जाएगी । आंतरिक संसाधनों में वृद्धि होने से कार्यशील पूंजी पर ब्याज भी कम हो जाएगा । सह उत्पाद (तार) जिसके लिए बाजार विकसित किया जा रहा है, की बिक्री के कारण अन्य आय का सृजन होगा । कंपनी की योजना 891.11 लाख रू0 की अनुमानित पूंजी लागत से दो चरणों में अर्थात् प्रथम चरण में 12000 टीपीए और द्वितीय चरण में 15000 टीपीए तक उत्पादन क्षमता बढ़ाकर उसे 10000 टीपीए से 15000 टीपीए करने की है । स्टीम टर्बाइन स्थापित करके विद्युत के उत्पादन हेतु भाप के दबाव में ड्राप का उपयोग करने के लिए कोल फायर्ड बायलर पर आधारित कैप्टिव विद्युत संयंत्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव है । के.पी.एल. द्वारा तैयार की गई समायोजन योजना के अनुसार कंपनी 2005-06 के अंत तक 18336 रू0 पी एम टी की बचत करने में सक्षम हो जाएगी और उसका प्रचालन रक्षोपाय शुल्क की समाप्ति के बाद वित्तीय दृष्टिकोण से व्यवहार्य बन जाएगा ।

(ख) विरोधी पार्टियों ने यह बताया है कि आवेदक की समायोजन योजना पर भरोसा नहीं किया जा सकता । उन्होंने यह तर्क दिया है कि घरेलू उत्पादकों ने प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अपनी कच्चे सामग्रियों की खरीद नहीं की है और इसलिए यह उन्हें हुई क्षति के कारणों में से एक कारण है । अपनी उत्पादन लागत को कम करने के प्रयास में प्रस्तुत की गई उनकी पुनर्गठन योजनाओं की जांच की गई थी । घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत पुनर्गठन योजना सापेक्षिक अथवा सैद्धांतिक प्रतीत नहीं होती है । ऐसा प्रतीत होता है कि वे प्रतिस्पर्धी बनाने के भरसक प्रयास कर रहे हैं ताकि वे आयातों से मिली प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकें । इसे कार्यान्वित करने के लिए के पी एल ने कोल फायर्ड बायलर की स्थापना कर दी है जो तीन से छः माह की अवधि में सुव्यवस्थित हो जाएगा और लागत को कम करने में योगदान करने लगेगा । इस कोल फायर्ड बायलर की स्थापना की प्रशंसा जाने-माने अन्तर्राष्ट्रीय परामर्शदाताओं द्वारा भी की गई है जो के पी एल से उनकी विशेषज्ञता की भागीदारी की आशा करते हैं । बी पी ए की विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न तार (एक सह-उत्पाद) की मात्रा उत्पादित बी पी ए की मात्रा की लगभग 10% बनती है । राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विनिर्माण परिसर के भीतर उसके भण्डारण पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह देखा गया था कि के पी एल ने संयंत्र एवं मशीनरी पर पेंट करने के लिए उसे असंक्षारी पेंटों में तब्दील करने की स्वदेशी प्रणाली को सफलतापूर्वक तैयार कर लिया है ।

बायलरों की प्रचालन लागत को कम करने के लिए वे भट्टी तेल एवं कोयले के प्रतिस्थापन हेतु तार का उपयोग करने के अलावा उसकी बिक्री की संभावना तलाशने का प्रयास कर रहे हैं । के पी एल का प्रबंधन विशिष्ट एवं विशेष योग्यता रखने वाले व्यावसायिकों के एक दल द्वारा किया जाता है । कंपनी का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें अति वरिष्ठ सेवाकालीन भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी शामिल है जो अध्यक्ष के रूप में महाराष्ट्र पेट्रोकेमिकल्स कारपोरेशन लि0 (महाराष्ट्र सरकार का एक उपक्रम) का प्रबंध निदेशक है और उक्त कंपनी का अध्यक्ष सार्वजनिक क्षेत्र की एक प्रमुख इकाई हिन्दुस्तान आर्गेनिक केमिकल्स, मुम्बई का पूर्व में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रहा था ।

यह माना जाता है कि रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से उन्हें पुनर्गठन करने और प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी । यह भी देखा गया है कि घरेलू उत्पादकों ने इस दिशा में पहले ही कदम उठा लिए हैं और घरेलू उद्योग को अपनी योजनाएं पूरी करने के लिए लगभग दो वर्ष के समय की जरूरत होगी ।

12. **घरेलू उत्पादकों की अक्षमताः**

यह बताया गया है कि के पी एल ने जुलाई, 1992 में जापान से, 1994 में ब्राजील और रूस से, 1997 में यूएसए से और 2000 में यूरोपीय संघ एवं ताइवान से हुए बीपीए के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण का अनुरोध किया था । निर्दिष्ट प्राधिकारी ने कोई कारणात्मक संबंध नहीं पाया था और इसलिए किसी अंतिम पाटनरोधी शुल्क की संस्तुति नहीं की गई थी । ऐसा इस पृष्ठभूमि में किया गया है कि वे अब बीपीए पर रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण हेतु रक्षोपाय प्राधिकारी से संपर्क कर रहे हैं । रक्षोपाय को पूर्णतः औचित्यरहित ठहराने की मांग करते हुए के पी एल अनुचित संरक्षण के बिना ही प्रचालन करना चाहता है और उनके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय रूप से व्यवहार्य बनने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं । शुरूआत से ही उनका वित्तीय निष्पादन हमेशा खराब रहा है और के पी एल गुणवत्तायुक्त उत्पाद का भरोसेमंद आपूर्तिकर्त्ता नहीं है । घरेलू उत्पादकों की अक्षमता के संदर्भ में जो दूसरा मुद्दा उठाया गया है वह उनकी बीपीए विनिर्माण क्षमता के बारे में है जिसके तहत आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य दर पर उत्पादन नहीं हो सकता है और कच्ची सामग्री की उच्च कीमत की वजह से उनकी उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है ।

इस संबंध में यह देखा गया है कि घरेलू उत्पादक बीपीए के विनिर्माण में प्रयुक्त, प्रमुख कच्ची सामग्री मुख्यतः हिन्दुस्तान आर्गेनिक केमिकल्स (एचओसी) से प्राप्त करते हैं और कुछ मात्रा का आयात किया जाता है । इस संदर्भ में यह भी देखा गया है कि किसी समय विशेष पर उक्त कच्ची सामग्री पर आयात शुल्क काफी अधिक था जिससे किसी के लिए आयातित कच्ची सामग्री के आधार पर परियोजना की कल्पना करना कठिन बन गया था और प्रमुख पत्तनों के पास खतरनाक कार्गो की खेप को समायोजित करने के लिए पत्तन क्षेत्र के भीतर स्थान की संकीर्णता और अभाव के कारण इस प्रकार की सुविधा नहीं थी और इस कार्य में कोई रूचि नहीं थी । यह आशा नहीं की जा सकती है कि घरेलू उत्पादक मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक

क्षमता से काफी अधिक क्षमताओं का संयंत्र स्थापित करें । घरेलू उत्पादकों ने यह भी अनुरोध किया है कि निवेश की उच्च लागत के कारण उनके द्वारा अपनाई गई प्रौद्योगिकी मध्यम क्षमता के संयंत्रों के काफी अनुकूल है । इसके अलावा, इस बात से सहमत होने की जरूरत है कि रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण का मुख्य उद्देश्य वर्धित आयातों से मिली प्रतिस्पर्धा की नई स्थिति का मुकाबला करने के लिए सकारात्मक समायोजन हेतु घरेलू उद्योग को समय प्रदान करना है । यदि घरेलू उद्योग पूर्णतः प्रतिस्पर्धी होता तो उसे संभवतः संरक्षण हेतु रक्षोपाय कार्रवाई की जरूरत नहीं होती । रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण की वांछनीयता के संदर्भ में जिस प्रश्न का उत्तर देना जरूरी है वह यह है कि क्या सकारात्मक समायोजन करने और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए घरेलू उद्योग में उचित संभावना है । यदि जवाब हाँ में है तो घरेलू उद्योग को संरक्षित करने की जरूरत है । जहाँ तक के पी एल द्वारा संरक्षण हेतु कई बार पाटनरोधी प्राधिकारियों से संपर्क करने का संबंध है यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने घरेलू विनियमों के अन्तर्गत किसी घरेलू उद्योग को उपलब्ध व्यापार उपचारात्मक उपायों का ही लाभ उठाया है ।

13. अन्य मुद्दे

(क) कुछेक विरोधी पार्टियों द्वारा अपने विद्वान काउंसेल के जरिए यह बताया गया है कि कुछ मुद्दों पर कारगर ढंग से कार्रवाई करने के लिए कुछ दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं । के पी एल के तुलन-पत्रों, संयंत्र एवं मशीनरी के ब्यौरों, उत्पादन लागत के सूचीकृत रूपान्तरण, उनकी समायोजन योजना के अगोपनीय सारांश, परियोजना रिपोर्ट आदि के बारे में विशेष उल्लेख किया गया है । इस संबंध में यह कहना पर्याप्त होगा कि विभिन्न इच्छुक पार्टियों को आवेदन के अगोपनीय रूपान्तर और प्रश्नावली की प्रति के साथ जांच शुरूआत के नोटिस की प्रति भेजते समय इस बात का स्पष्ट उल्लेख करते हुए सामान्य अनुदेशों की एक प्रति भेजी गई थी कि महानिदेशक के कार्यालय में सभी इच्छुक पार्टियों के निरीक्षण हेतु सभी संगत सामग्री वाली एक सार्वजनिक फाइल उपलब्ध होगी । वस्तुतः काउंसेल के अनुरोध पर के पी एल द्वारा दायर तुलन-पत्रों की प्रतियां प्रस्तुत की गई थीं और उनसे उक्त सार्वजनिक फाइल में उपलब्ध सूचना की जांच करने तथा किसी सूचना के जरूरी समझे गए उद्धरण लेने के लिए भी कहा गया था ।

(ख) यह भी तर्क दिया गया है कि जाँच शुरूआत संबंधी नोटिस में यह दर्शाया गया था कि घरेलू बिक्रियां बीपीए की कैप्टिव खपत में तो शामिल की गई हैं किन्तु आवेदन में बीपीए की कैप्टिव खपत किए जाने का कोई उल्लेख नहीं है । यह भी कहा गया था कि केवल इसी आधार पर कार्रवाई समाप्त की जानी चाहिए । यह संगत प्रतीत नहीं होता और इससे कार्रवाई अमान्य नहीं हो जाती है ।

(ग) कुछ पार्टियों ने अनुरोध किया है कि उदारीकरण की उभरती हुई नीति के अनुरूप पिछले वर्षों में बीपीए पर आयात शुल्क में कमी की गई है किन्तु जो अभी भी सबसे अधिक है और इसलिए उससे भारत में बीपीए के विनिर्माताओं को अन्तर्निहित संरक्षण एवं प्रतिस्पर्धी समानता उपलब्ध होती है । लेकिन इस तर्क को रक्षोपाय शुल्क के संदर्भ में अप्रासंगिक माना गया है

क्योंकि किसी उत्पाद विशेष पर आयात शुल्क का स्तर ऐसे अनेक कारकों पर निर्भर करता है जिनमें से कुछ कारक हैं - तुलनीय एवं प्रतिस्पर्धी उत्पादों तथा निविष्टियों पर आयात शुल्क का स्तर, राजस्व जुटाने की जरूरत और अन्तर्राष्ट्रीय उत्पादकों की तुलना में घरेलू उत्पादकों को हुई हानि आदि । अतः प्रत्येक देश अपनी जरूरतों के अनुसार आयात शुल्क का स्तर तय करता है जिसे अन्य देशों के लिए संदर्भ बिन्दु के रूप में नहीं माना जा सकता ।

14. भारत को किए जाने वाले निर्यात में देशों का अंश

यथा सत्यापित सूचना के आधार पर 2002-03(दिसंबर) की अवधि के दौरान भारत में बीपीए के आयातों के विषय में, भारत के आयातों में विभिन्न देशों के अंश निम्न प्रकार से थेः-

देश/सीमा	आयात(मी0 टन)	प्रतिशत अंश
ताइवान	2106.000	35.49
नीदरलैंड	1420.075	23.95
सिंगापुर	858.000	14.46
जापान	524.000	8.83
यूएसए	475.570	8.00
स्लोवेनिया	300.000	5.05
नाइजीरिया	166.125	2.80
यू.के.	32.000	0.54
जर्मनी	15.542	0.26
सेनेगल	15.000	0.25
बेल्जियम	14.000	0.24
स्पेन	8.000	0.13
कुल	**5934**	**100**

15. अनंतिम रक्षोपाय शुल्कः

वास्तव में इस मामले में जांच पूरी करने के पश्चात् अंतिम जांच परिणाम जारी किए जा रहे हैं, रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण के उद्देश्यों के लिए कोई प्रारंभिक जांच परिणाम देने की आवश्यकता नहीं समझी गई है ।

16. सार्वजनिक हितः

यह तर्क दिया गया है कि बीपीए पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण सार्वजनिक हित में नहीं होगा और घरेलू उत्पादकों की सुरक्षा के लिए आशयित किसी उपाय के परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धात्मकता में कमी आएगी तथा जो अन्ततोगत्वा उत्पादन के प्रतिकूल होगी । यह दावा इस आधार पर किया गया है कि रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से आयातित बीपीए आयातकों/प्रयोक्ताओं के हाथों में महंगा हो जाएगा जिसके परिणामस्वरूप परिणामी उत्पादों खासकर एपाक्सीरेजिन विनिर्माताओं की लागत में वृद्धि हो सकती है और यह उपभोक्ताओं के हित के प्रतिकूल होगा । अप्रतिबंधित आयातों को ध्यान में रखते हुए और खासकर जब आयातों का प्रत्यक्ष घरेलू खपत बड़ा हिस्सा बनता हो तो यह अनुमान सही प्रतीत नहीं होता है । कानून में

इस बात की परिकल्पना नहीं की गई है कि किसी अकेले उत्पादक के हित की उस स्थिति में भी सुरक्षा नहीं की जानी चाहिए जब वह सुरक्षा का वस्तुतः पात्र हो । रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण का उद्देश्य एकाधिकारवादी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना नहीं है बल्कि उस स्थिति में घरेलू उत्पादकों के हितों की रक्षा करना है यदि वर्धित आयातों से उन्हें गंभीर क्षति हुई हो अथवा उसकी आशंका उत्पन्न हुई हो ताकि उन्हें वर्धित आयातों से मिली प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने का अवसर मिल सके । के पी एल ने बीपीए के आयातों पर रोक लगाने का अनुरोध नहीं किया है बल्कि उन्होंने कानून के अनुसार बीपीए के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण का अनुरोध किया है ताकि वे वर्धित आयातों से मिली प्रतिस्पर्धा की नई स्थिति में समायोजित हो सकें । घरेलू उद्योग ने आश्वस्त घरेलू उपलब्धता के साथ अनेक गौण उद्योगों के विकास में प्रेरक का कार्य किया है । ऐसा प्रतीत होता है कि केपीएल ने बीपीए के विभिन्न अनुप्रयोगों के विकास में बहुमूल्य योगदान किया है ।

इस विषय में यह देखा गया कि " सार्वजनिक हित " अपने दायरे में केवल उपभोक्ता के हित को ही समाहित नहीं करता है । इस पद का अधिक व्यापक अर्थ है जो अपने दायरे में बड़े सामूहिक हित के साथ सामान्य कल्याण को भी शामिल करता है । जहाँ रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण के परिणामस्वरूप खरीदारों के लिए आयातित बीपीए की कीमतों में वृद्धि हो सकती है, यह उसके अन्तिम उत्पाद विनिर्माताओं को भी प्रभावित कर सकती है । इसलिए रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण के उद्देश्यों को भी ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है । रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण का उद्देश्य घरेलू उद्योग को वर्धित आयातों से उत्पन्न प्रतिस्पर्धा की नई स्थिति से निपटने के लिए सकारात्मक समायोजन बनाने के लिए घरेलू उद्योग को समय उपलब्ध करवाना है । इसलिए कुछ पर्याप्त समय के लिए रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण ग्राहकों के लिए न केवल प्रतिकूल प्रभावों को, यदि कोई हो, तो कम करेगा बल्कि उनको प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक चुनाव भी प्रदान करेगा । घरेलू उत्पादक बहुत लोगों को रोजगार देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बहुमूल्य योगदान देते हैं । इस प्रकार रक्षोपाय शुल्क से व आयातों द्वारा उत्पन्न प्रतिस्पर्धा की स्थिति में टिकाये रखेगा जो लम्बे समय तक बीपीए के क्रेताओं और उससे विनिर्मित उत्पादों के उपभोक्ताओं के हित में भी होगा । इस संबंध में यह देखा जाता है कि रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण से प्रयोक्ता उद्योग और उसके उपभोक्ताओं पर खासकर तब तक बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है जब तक कि अधिरोपित किए जाने वाले रक्षोपाय शुल्क को बीपीए के घरेलू उत्पादकों की सुरक्षा हेतु आवश्यक मात्रा तक ही सीमित रखने का प्रस्ताव है । इसलिए यह माना जाता है कि बीपीए पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण सार्वजनिक हित में होगा ।

17. निष्कर्ष एवं संस्तुति

उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के आलोक में यह पाया गया है कि भारत में बिस्फेनोल ए के वर्धित आयातों से बिस्फेनोल ए के घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति होने की आशंका उत्पन्न हुई है और भारत में बीपीए के आयातों पर दो वर्ष की अवधि के लिए रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करना सार्वजनिक हित में होगा । तद्नुसार यह संस्तुति की जाती है कि भारत में बीपीए के आयातों पर दो वर्षो के लए रक्षोपाय शुल्क अधिरोपत कर दिया जाए । अधिरोपण के प्रथमवर्ष हेतु मूल्यानुसार 15% की दर से और दूसरे वर्ष के लिए 10% की दर से रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित किया जाए जोकि बीपीए के वर्धित आयातों से होने वाली गंभीर क्षति की आशंका से घरेलू उद्योग के संरक्षण हेतु न्यूनतम आवश्यकता है ।

[फा. सं. एस जी/आई एन वी/1/2003]

श्री कृष्ण, महानिदेशक

OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL (SAFEGUARDS)

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th October, 2003

Sub : Safeguard Investigation concerning import of Bisphenol A (BPA) into India—final findings.

G.S.R. 893(E).— Having regard to the Customs Tariff Act, 1975 and the Customs Tariff (Identification and Assessment of Safeguard Duty) Rules, 1997 thereof.

A. Procedure

The Notice of Initiation of safeguard investigation concerning imports of Bisphenol A (BPA) into India was issued **on 06.03.2003** and published in the Gazette of India, Extraordinary **on 10.03.2003**. A copy of the Notice along with a copy of non-confidential application and a questionnaire were sent on the same day to all known domestic producers, exporters and importers who were asked to submit their response by **21 April 2003**, namely:

Domestic Producer
Kesar Petroproducts Limited, Mumbai **(KPL)**

Importers & Users Industries

(i) Atul Ltd, Dist. Valsad, Gujarat.
(ii) Petro Araldite Pvt.Ltd, Chennai
(iii) Pragati Chemicals Ltd., Bombay
(iv) Resinova Chemie Unnao (UP)
(v) Bharat General Textile Industries Pvt. Ltd.Calcutta
(vi) Bharat Resins Limited Daman
(vii) Bombay Paints Limited,Mumbai
(viii) Veeyor Polymers Pvt. Ltd.,Bangalore
(ix) Finolex Industries Limited Pune
(x) Chemplast Sanmar LtdChennai
(xi) Goodlas Nerolac Paints Limited,Ahmedabad
(xii) Goodlass Nerolac Paints Ltd,Kanpur Dehat.
(xiii) Goodlass Nerolac Paints Ltd,District Ratnagiri, Chiplun
(xiv) Resin & Plastics ,Raigarh
(xv) Schnectady Beck India Limited,Ratnagiri,Maharashtra
(xvi) Gharda Chemicals Ltd,Mumbai
(xvii) Shree Krishna Paper Mills & Industries Limited,New Delhi

Exporters

(i) Tomen (Shanghai) Co. Ltd ,Shanghai – China
(ii) Helm AG, Germany

(iii) Aristech Chemical Corporation,U.S.A.
(iv) Dow Chemical Company,U.S.A.
(v) Dow Deutschland Inc.Germany
(vi) Dow Chemical Rheinwerk GmbH, Germany
(vii) Bayer AG, Germany
(viii) Mitsui & Co., Ltd.,Singapore
(ix) Nanya Plastics Corporation, Taiwan,
(x) Taiwan Prosperity Chemical Corporation,Taiwan
(xi) Kumho Shell Chemical Co., Ltd.,Korea
(xii) Mitsubishi Corporation,Japan

2. A copy of the notice alongwith the application and questionnaire was also sent to the governments of exporting countries through their High Commissions/Embassies in New Delhi namely Belgium, China PR, France, Germany, Japan, Korea (RP), the Netherlands, Singapore, Spain, Slovenia,Taiwan, U.K., USA and The European Union/Delegation of European Commission in India. In addition, on a request received from Delta Industrial Resins Pvt. Ltd, Mumbai to consider them as an interested party, they were forwarded the necessary documents asking them to file their response by **9th May 2003.**

3. Replies to the Notice dated 06.03.2003 and to the questionnaire were received from the following parties:

Domestic Producers
(i) Kesar Petroproducts Limited, Mumbai (KPL)
(ii) Maharashtra Petrochemicals Corporation Limited, Mumbai
Exporters
(I) Mitsui & Co. Ltd, Japan
(ii) Helm AG Germany*
(iii) Taiwan Prosperity Chemical Corporation, Taiwan*
(iv) Bayer Polymers, Germany
Importers & User Industries
(i) Atul Ltd. Gujarat*
(ii) Petro Araldite Private Ltd., Chennai*
(iii) Pragati Chemicals Limited , Mumbai
(iv) Shree Krishna Paper Mills & Industries Limited, Delhi
*(Through Counsel)

4. Verification of the information considered necessary for the investigation was carried out at the manufacturing and business premises of the domestic producer and some of the importers. The outcome of the investigations was conveyed to the domestic producer and a copy of the investigation report was also placed in Public File.

5. A Public Hearing was given to all interested parties on 29.05.2003 notice for which was sent on 05.05.2003. During the Public Hearing the interested parties were requested to file their written submission of oral arguments made by them by 5th June 2003, collect replies filed by others on 6th June, 2003 and to file rebuttals, if any, by 13th June, 2003.

The following parties attended the Public Hearing:

(i) Kesar Petroproducts Limited, Mumbai (KPL) *
(ii) Mitsui & Co. Ltd, Japan*
(iii) Helm AG Germany*
(iv) Taiwan Prosperity Chemical Corporation, Taiwan*
(v) Bayer (India) Ltd.
(vi) German Embassy, New Delhi
(vii) Delegation of European Commission in India, New Delhi
(viii) Resinova Chemie Ltd, Kanpur
(ix) Atul Ltd.,Gujarat*
(x) Petro Araldite Private Ltd, Chennai*
*.(through Counsel)

B. Views of the domestic industry

They have mainly stated the following :

